| **उत्तर** | i. गुट निरपेक्ष आंदोलन एक ध्रुवीय विश्व में अभी भी प्रासंगिक है क्योंकि यह एक अंतरराष्ट्रीय मंच है ।<br>ii. गुटनिरपेक्षता के केन्द्रिक मूल्य तथा सुदृढ़ विचार आज भी स्वीकार्य हैं ।<br>iii. गुट निरपेक्ष आंदोलन के सदस्य के रूप में गरीब और कमजोर देश आर्थिक | **3x2=6** | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | और सामाजिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग कर सकते हैं<br>iv. गुट निरपेक्ष आंदोलन स्वयं को सत्ता के वैकल्पिक केंद्र के रूप में विकसित कर सकता है<br>अथवा कोई अन्य बिंदु (कोई तीन )<br>**अथवा**<br>सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी कारक -<br>(i) सोवियत संघ के राजनीतिक और आर्थिक संस्थानों की आंतरिक कमजोरियां ।<br>(ii) सोवियत संघ ने अपने संस्थानों का बहुत बड़ा भाग अमरीका की सैन्य शक्ति की बराबरी प्राप्त करने के लिए खर्च किया जिससे उसकी अर्थव्यवस्था चरमरा गई ।<br>(iii) सोवियत प्रणाली गतिहीन बन गई जिससे नए बदलावों के अनुरूप स्वयं को नहीं ढाल पाई ।<br>(iv) प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार ।<br>(v) सरकार में खुलापन लाने के प्रति अनिच्छा तथा सत्ता का अति केंद्रीयकरण ।<br>(vi) प्रशासन में नौकरशाही हावी थी तथा वह किसी के प्रति जवाबदेह नहीं थी ।<br>अथवा कोई अन्य बिंदु (कोई छः) | 6x1=6 | |
| 34. | **“आंदोलन और विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र को मजबूत करते हैं।” क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों द्वारा अपने उत्तर का समर्थन कीजिए ।**<br>**अथवा**<br>**"भारत के विभिन्न हिस्सों से क्षेत्रीय माँगें विविधता के साथ एकता के सिद्धांत को दर्शाती हैं ।” किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए ।** | | |
| उत्तर | परीक्षार्थी कथन के साथ सहमत अथवा सहमत हो सकता है ,परंतु उसे अपने उत्तर के पक्ष में तीन उदाहरण देने होंगे ।<br>उदाहरणतः यदि परीक्षार्थी कथन के पक्ष में है तो है निम्नलिखित उदाहरण दे सकता है, जैसे :<br>(i) असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध ऑल असम स्टूडेंट यूनियन द्वारा किया | 3x2=6 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | गया आंदोलन ,भारतीय लोकतंत्र ने इस आंदोलन को समायोजित करके उसकी अपेक्षाओं को संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत पूरा करने का प्रयास किया ।<br>(ii) नर्मदा बचाओ आंदोलन ने सरकार को स्थानीय लोगों और उनके प्राकृतिक संसाधनों के बीच संबंधों पर विचार करने को विवश किया ।नर्मदा बचाओ आंदोलन ने विस्थापित लोगों के पुनर्वास व मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को विवश किया।<br>(iii) भारतीय किसान यूनियन तथा किसानों के अन्य आंदोलनों ने सरकार को उनकी समस्याओं से अवगत कराया तथा उनके समाधान के लिए सरकार को तैयार किया ।<br>**अथवा** कोई अन्य आंदोलन भी उदाहरण स्वरूप जा सकता है दिया जा सकता है ।<br>यदि परीक्षार्थी इस कथन से सहमत न हो तो वह निम्न उदाहरण दे सकते हैं:<br>• कभी कभी आंदोलन और विरोध हिंसक हो जाते हैं तथा गैर सवैधिनिक माँगे रखकर लोकतंत्र को कमज़ोर करती है। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए भी गैर सवैधिनिक तरीके अपनाते है ।<br>उदहारण के लिए :<br>• पँजाब में खालिस्तान के लिए आन्दोलन ।<br>• कश्मीर में अधिक स्वायत्तता और अलगावादी आंदोलन ।<br>• पश्चिम बंगाल से शुरू हुआ नक्सलवादी आंदोलन जोकि देश के अन्य भागों में फैला<br>परीक्षार्थी इन आन्दोलनों और विरोध प्रदर्शनों के परिणामों की व्याख्या कर सकते हैं ।<br>**अथवा**<br>भारत के विभिन्न क्षेत्रों से उठने वाली क्षेत्रीय मांगों ने भारत में विविधता में एकता के मार्ग को प्रशस्त किया है ।उदाहरण के लिए :<br>• भारत जैसे विशाल एवं विविधतापूर्ण देश में लोकतंत्र निरंतर क्षेत्रीय आकांक्षाओं के साथ सफलतापूर्वक निर्वाह कर रहा है ।<br>• संस्कृति और भाषा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन ने देश के विभिन्न भागों के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया है।<br>• सरकार ने क्षेत्रीय आंदोलनों को कानून और व्यवस्था की समस्या ना मानकर बातचीत के माध्यम से तनावों को कम किया है जिससे राष्ट्रीय एकता को बल मिला है ।जैसे (असम समझौता, राजीव लोंगोवाल समझौता, विभिन्न क्षेत्रों को विशेष दर्जा दिया जाना आदि) | 3x2=6 | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | • देश में आर्थिक विकास के आधार पर क्षेत्रीय असंतुलन को लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दृष्टि से दूर किया है ।<br>• विभिन्न जनजातियों को उनकी परंपरागत प्रथाओं एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु दी गई स्वायत्तता ने भी राष्ट्रीय एकता को पुष्ट किया है।<br>(अन्य कोई उपयुक्त उदाहरण) | | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अतियंत गोपनीय -केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतू

**सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा,मार्च-2020**

**अंक-योजना POLITICAL SCIENCE**

**SUBJECT CODE: 028 PAPER CODE : 59/1/3**

**सामान्य निर्देश :-**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अतः यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (**×**)। मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायीं ओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या **(×)** का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिषद पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

विशिष्ट निर्देश

1. अंकन योजना में दिए गए उत्तर सुझावात्मक उत्तर हैं इस प्रकार उत्तर सामग्री सांकेतिक है ।उम्मीदवार विभिन्न रूपों में उत्तर दे सकते हैं। लेकिन ,मूल्यांकन के मानकीकरण के लिए अपेक्षित सामग्री के आधार पर यहां सुझाई गई मार्किंग स्कीम का पालन करना उचित है ।हालांकि ,उम्मीदवार द्वारा किसी अन्य प्रासंगिक और सही परिभाषा / अंक / उत्तर दिए जाने पर पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए ।उन उत्तरों को अंक दिए जाने चाहिएं जिन्हें उम्मीदवार ने अपने शब्दों में लिखने का प्रयास किया है ।
2. जहां पर केवल उदाहरणों /कारकों /मूल्य बिंदुओं की एक निश्चित संख्या पूछी गई है ,वहां मूल्यांकन के लिए केवल उत्तर की आवश्यक संख्या पर विचार किया जाना चाहिए और बाकी का कोई अंक नहीं दिया जाना चाहिए।
3. मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अंकों के "मॉडरेशन" का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा वास्तव में प्राप्त किए गए अंक मूल्यांकनकर्ताओं के लिए कोई चिंता का विषय नहीं है ।
4. कुछ प्रश्न उच्चतर विचार क्षमता से संबंधित हैं ।इन प्रश्नों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।ताकि, उम्मीदवार की समझ /विश्लेषणात्मक क्षमता का विवेकपूर्ण ढंग से मूल्यांकन किया जा सके।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION-2020**

**विषय : राजनीति विज्ञान (028) 59/1/3**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | खण्ड क | | |
| **1.** | अपना पहला संविधान तैयार करने के बाद, पाकिस्तान के शासन की बागडोर किसने सँभाली **?**<br>अथवा<br>अपनी अर्थव्यवस्था को उदार करने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश कौन सा था-**?** | | |
| **उत्तर** | जनरल अयूब खान<br>अथवा<br>श्रीलंका | 1<br><br>1 | |
| **2.** | दक्षिण एशिया में लोकतंत्र की आकांक्षा के लिए किसी एक कारण की पहचान कीजिए । | | |
| **उत्तर** | दक्षिण एशिया के लोग लोकतांत्रिक सरकार के अन्य रूपों से बेहतर मानते हैं तथा प्रतिनिधयात्मक लोकतंत्र की संस्थाओं एवं संस्थानों के पक्षधर हैं । | 1 | |
| **3.** | आप कैसे कह सकते हैं कि आज़ादी के समय तक काँग्रेस एक व्यापक आधार वाला सामाजिक गठबंधन था ? | | |
| **उत्तर** | इसमें धनी और निर्धन वर्ग ,शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग, मजदूर और उद्योगपतियों के साथसाथ विभिन्न विचारधाराओं को मानने वाले नेता शामिल थे- । | 1 | |
| **4.** | 1977 में केंद्र में सत्ता में आए सही राजनीतिक दल को चुनिए ।<br>(A) जनता पार्टी<br>(B) भारतीय जन संघ<br>(C) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया<br>(D) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस | | |
| **उत्तर** | (A) जनता पार्टी | ½ + ½<br>=1 | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| **5.** | सुरक्षा का संबंध किस प्रकार के ख़तरों से है ? | | |
| **उत्तर** | 'मानव के अस्तित्व' तथा 'देश के अस्तित्व' को क्षति पहुंचाने वाले खतरों से संबंधित । | 1 | |
| **6.** | आर्थिक वैश्वीकरण का कोई एक सकारात्मक परिणाम लिखिए । | | |
| **उत्तर** | वैश्वीकरण के सकारात्मक आर्थिक परिणाम-<br>i. वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में पूरे विश्व में व्यापक विस्तार ।<br>ii. विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों में पूंजी निवेश ।<br>iii. आर्थिक विचारों और सिद्धांतों का आदान-प्रदान ।<br>iv. प्रौद्योगिकी जैसे इंटरनेट इत्यादि का विस्तार ।<br>अथवा कोई अन्य परिणाम<br>(कोई एक ) | 1 | |
| **7.** | "आपातकाल और इसके आसपास की अवधि को हम संवैधानिक संकट की अवधि के रूप में भी देख सकते हैं ।" इस कथन के पीछे के मुख्य कारण का विश्लेषण कीजिए । | | |
| **उत्तर** | उस समय संसद और न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र को लेकर छिड़े संवैधानिक संघर्ष के कारण | 1 | |
| **8.** | 1989 में वाम मोर्चे और भाजपा के बाहरी समर्थन से 'राष्ट्रीय मोर्चा सरकार' का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया था ?<br>(A) चन्द्रशेखर<br>(B) **एच.डी.**देवगौड़ा<br>**(C)**आई.के. गुजराल<br>(D) वी.पी. सिंह | | |
| **उत्तर** | (D) वी.पी. सिंह | 1 | |
| **9.** | निम्नलिखित कथन को सही करके अपनी उत्तर :पुस्तिका में पुन-: लिखिए<br>नाटो जून 1949 में अस्तित्व में आया और यह 11 राज्यों का संघ था। | | |
| **उत्तर** | नाटो अप्रैल 1949 में अस्तित्व में आया और यह 12 राज्यों का संघ था। | ½ + ½ =1 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर आए आप्रवासियों को अतिक्रमण करने वाला क्यों समझा जाता है ? | | |
| उत्तर | पूर्वोत्तर के लोगों ने बाहरी लोगों द्वारा उनकी नौकरियों और संसाधनों पर अवैध अतिक्रमण की समस्या का सामना किया --इस कारण उन्हें अतिक्रमण कारी समझा जाता है। | 1 | |
| 11. | निम्नलिखित में से कौन सा देश सार्क का सदस्य-**नहीं** है ?<br>(A) भारत<br>(B) म्यांमार<br>(C) बांग्लादेश<br>(D) नेपाल | | |
| उत्तर | (B) मयांमार | 1 | |
| 12. | स्वतंत्र भारत में भाषा के आधार पर बनाया गया पहला राज्य कौनसा - था? | | |
| उत्तर | आंध्र प्रदेश | ½ + ½ =1 | |
| 13. | निम्नलिखित में से किस गठबंधन ने 1989 में केंद्र में सरकार बनाई ?<br>(A) राजग (.ए.डी.एन)<br>(B) संयुक्त मोर्चा<br>(C) राष्ट्रीय मोर्चा<br>(D) संप्रग (.ए.पी.यू) | | |
| उत्तर | **(C)** राष्ट्रीय मोर्चा | 1 | |
| 14. | 'जय जवान, जय किसान' का प्रसिद्ध नारा किसने दिया था? | | |
| उत्तर | लाल बहादुर शास्त्री | 1 | |
| 15. | इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई. वी. एम.) द्वारा मतदान किन दो तरीकों से मतपत्रों द्वारा मतदान करने से बेहतर है ? | | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तर | • इस पर काम करना तथा इसको लाना ले जाना आसान है ।<br>• वोटों की गिनती तेजी से की जा सकती है ।<br>• मतदान केंद्रों पर कब्जा करके वोटों को नष्ट करने के अवसर कम होते हैं। | ½ + ½ =1 | |
| 16. | निम्नलिखित में से कौन सा एक राज्य बाल्टिक-गणराज्य **नहीं** है?<br>(A) एस्टोनिया<br>(B) यूक्रेन<br>(C) लताविया<br>(D) लिथुआनिया | | |
| उत्तर | (B) यूक्रेन | 1 | |
| 17. | विश्व की साझी विरासत के बारे में निम्नलिखित कथन के लिए सही या गलत के रूप में पहचान कीजिए :<br>उत्तरी गोलार्द्ध के देश 'विश्व की साझी विरासत' की सुरक्षा के लिए, दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों से कहीं ज्यादा चिंतित हैं। | | |
| उत्तर | सत्य | 1 | |
| 18. | निम्नलिखित कथन को सही करके अपनी उत्तर पुस्तिका में पुन : : लिखिए<br>भारत और बांग्लादेश के बीच नवम्बर 1971 में पूर्ण पैमाने पर युद्ध आरम्भ हो गया था। | | |
| उत्तर | भारत और <u>पाकिस्तान</u> के बीच <u>दिसंबर</u> 1971 में पूर्ण पैमाने पर युद्ध आरंभ हो गया था। | ½ + ½ =1 | |
| 19. | अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं के ऐसे कोई दो उदाहरण दीजिए जहाँ भारत ने अपना स्वतंत्र रख अपनाया हो । | | |
| उत्तर | i. गुट निरपेक्ष आंदोलन का गठन करना ।<br>ii. परमाणु अप्रसार संधि और व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर करने से मना करना । | ½ + ½ =1 | |
| 20. | BKU कहे जाने वाले राजनीतिक दल का पूरा नाम लिखिए । | | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तर | भारतीय किसान यूनियन | 1 | |
| | खण्ड ख | | |
| 21. | मंडल आयोग द्वारा सुझाई गई किन्हीं दो सिफ़ारिशों का उल्लेख कीजिए । | | |
| उत्तर | i. सरकारी नौकरियों तथा शैक्षणिक संस्थाओं में अन्य पिछड़ी जातियों के लिए 27% आरक्षण ।<br>ii. अन्य पिछड़ी जातियों तथा पिछड़ी जातियों के लिए भूमि सुधारों की सिफारिश की। | 2x1=2 | |
| 22. | प्रिवी पर्स की समाप्ति की राह में 1970 में आए दो अवरोधों का विश्लेषण कीजिए। | | |
| उत्तर | प्रिवी पर्स समाप्त करने के मार्ग में अवरोध :<br>• विपक्षी दलों ने इसे रजवाड़ों के साथ विश्वासघात कहकर विरोध किया ।<br>• इसके लिए किए गए संवैधानिक संशोधन को राज्यसभा में पारित होने के लिए आवश्यक बहुमत नहीं मिला ।<br>• इसको लागू करने के लिए जारी अध्यादेश को सर्वोच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया ।<br>(कोई दो ) | 2x1=2 | |
| 23. | बाहरी सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा के एक तत्त्व के रूप में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए सबसे बढ़िया तरीका क्या है ? | | |
| उत्तर | • देश अपनी सैन्य शक्ति को बना और बढ़ा सकता है ।<br>• महा शक्तियों के साथ संबंध रख सकता है ।<br>• अपनी आर्थिक और औद्योगिक शक्ति में वृद्धि कर सकता है । | 2 | |
| | खण्ड ग | | |
| 24. | 1947 में हुए भारत के विभाजन के किन्हीं चार परिणामों को स्पष्ट कीजिए ।<br>अथवा<br>भारत में पहले तीन आम चुनावों में काँग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के किन्हीं | | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | चार कारणों को स्पष्ट कीजिए। | | |
| **उत्तर** | i. बहुत बड़े स्तर पर लोगों का दोनों ओर से स्थानांतरण हुआ ।<br>ii. दोनों तरफ के लोगों पर अत्याचार तथा लाखों की संख्या में हत्याएं ।<br>iii. धर्म के आधार पर विभाजन।<br>iv. लाहौर अमृतसर और कोलक,ता जैसे बड़े शहरों का विभाजन ।<br>v. लोगों को बहुत कष्ट सहने पड़े ।<br>अथवा (कोई चार)<br>i. कांग्रेस के पास राष्ट्रीय आंदोलन की विरासत थी ।<br>ii. पूरे देश में केवल यही पार्टी संगठित थी ।<br>iii. इसके पास नेहरू जैसा चमत्कारिक नेता था।<br>iv. इसका संगठन पूरे देश में फैला हुआ था ।<br>v. विभिन्न राजनीतिक दलों में वोटों का बंटवारा होने से कांग्रेस को बहुमत मिल जाता था।<br>(कोई चार) | 4x1=4<br><br>4x1=4 | |
| **25.** | गुटनिरपेक्ष आंदोलन की किन्हीं चार गोवाओं का वर्णन कीजिए । | | |
| **उत्तर** | गुट निरपेक्ष आंदोलन की विशेषताएं<br>i. अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर स्वतंत्र राय रखना।<br>ii. किसी भी सैनिक गुट में शामिल ना होना।<br>iii. सैनिक संधियों से अलग रहना।<br>iv. गुट निरपेक्षता का अभिप्राय 'तटस्थ होना' नहीं है अपितु अपनी सक्रिय और सकारात्मक भूमिका को सुनिश्चित करना है।<br>(कोई दो ) | 4x1=4 | |
| **26.** | किन्हीं दो उपयुक्त तर्कों द्वारा भारत की परमाणु नीति का को न्यायसंगत ठहराइए । | | |
| **उत्तर** | भारत की परमाणु नीति के पक्ष में तर्क-<br>• भारत ने परमाणु अप्रसार संधि और व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि भारत इन्हें भेदभाव पूर्ण मानता है।<br>• भारत परमाणु शक्ति को केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति के लिए वचनबद्ध है।<br>• परंतु नेहरू युग में भारत परमाणु शक्ति के विरुद्ध था । भारत ने 1962 से 1971 तक बाहरी आक्रमणों को झेलने के बाद अपनी सुरक्षा के लिए परमाणु | 2x2=4 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | शक्ति से संपन्न होना आवश्यक समझा ।<br>(कोई दो ) | | |
| 27. | अमरीकी शक्ति की राह में आने वाले किन्हीं तीन अवरोधों का विश्लेषण कीजिए । आपके विचार में, कौन सा-अवरोध भविष्य में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हो सकता है ? | | |
| **उत्तर** | अवरोध -:<br>i. स्वयं अमरीका की संस्थागत बुनावट ।<br>ii. अमरीकी समाज की उन्मुक्त प्रकृति ।<br>iii. नाटों के सदस्य की ताकत -अमेरीका के हित नाटों के सदस्यों से जुड़े हैं - अत: नाटों के देश ही अमेरीकी वर्चस्व पर अंकुश लगा सकते हैं।<br>iv. परीक्षार्थी उपरोक्त विकल्पों में से कोई एक चुनें जो भविष्य में महत्वपूर्ण हो सकता है तो एक अंक दे दिया जाए । | 3+1=4 | |
| | खण्ड घ | | |
| 28. | **नीचे दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br><br><br>**(i) चीन का प्रतिनिधित्व करने के लिए साइकिल को एक प्रतीक के रूप में क्यों चुना गया है?**<br>**(ii) साइकिल के दो पहियों के भीतर के चिहन क्या दर्शाते हैं?**<br>**(iii) दिए गए चित्र द्वारा क्या संदेश दिया गया है?** | | |
| **उत्तर** | (i)चीन में 'साइकिल' यातायात का प्रमुख साधन है।<br>(ii) साइकिल के अगले पहिए में प्रयुक्त चिह्न, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के चिह्न चीन का<br>एक भाग है और पिछले पहिए में 'डॉलरका चिन्ह है जो अमेर 'ीका की पूंजीवादी अर्थव्यवस्था को दर्शाता है । | 1+2+2=<br>5 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | (iii) चीन की व्यवस्था में दोहरेपन का सूचक है। | | |
| 28. | **नोट निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न : संख्या 28 के स्थान पर है ।**<br>**28.1) चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अपनाई गई आर्थिक नीतियों के बीच दो अंतर स्पष्ट कीजिए।**<br>**28.2) चीन की किन्हीं तीन नई आर्थिक नीतियों का उल्लेख कीजिए जिनके कारण इसका तेज़ गति से विकास हुआ।** | | |
| **उत्तर** | 28.1 चीन की आर्थिक निति समाजवादी तथा केंद सरकार पार्टी द्वारा नियंत्रित भी जबकि अमेरिका की आर्थिक निति पूंजीवादी उद्धार तथा लोकतांत्रिक थी<br>28.2 (i) खुले द्वार की नीति<br>(ii) कृषि का निजीकरण<br>(iii) उद्योगों का निजीकरण<br>(iv) विशेष आर्थिक क्षेत्र<br>(v) विश्व व्यापार संघ में शामिल होना | 2+3=5 | |
| 29. | **नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>**ज़रूरी नहीं कि हर नियोजन केंद्रीकृत ही हो । ऐसा भी नहीं है कि नियोजन का मतलब हमेशा उद्योगों और बड़ी-बड़ी परियोजनाओं से ही लगाया जाए । केरल में विकास और नियोजन के लिए जो रास्ता चुना गया उसे केरल मॉडल' कहा जाता है । इस मॉडल में .............. पर ज़ोर दिया जाता रहा है । केरल में प्रति व्यक्ति आय अपेक्षाकृत कम है और यहाँ औद्योगिक-आधार भी तुलनात्मक रूप से कमज़ोर रहा है । इसके बावजूद केरल में साक्षरता शत-प्रतिशत है । आयु प्रत्याशा बढ़ी है और वहाँ शिशु मृत्यु-दर, मातृ मृत्यु-दर और जन्म-दर भी कम है । केरल में लोगों को कहीं ज़्यादा चिकित्सा-सुविधा मुहैया है।** | | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | **(a) केंद्रीकृत नियोजन से क्या अभिप्राय है?**<br>**(b)विकेंद्रीकरण किन दो प्रकार से केंद्रीकरण से बेहतर है ?**<br>**(c)नियोजन और विकास के लिए चुने गए केरल मॉडल' में किन क्षेत्रों पर बल दिया गया है ? किन्हीं दो क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए ।** | | |
| **उत्तर** | (a) केंद्रीकृत नियोजन का अर्थ केंद्रीय सरकार के अंतर्गत एवं नियंत्रण में योजना निर्माण ( नियोजन )<br>(b)<br>• विकेंद्रीकरण लोकतंत्र की भावना के अनुरूप है<br>• विकेंद्रीकरण से बहुत लोगों को लोकतंत्र में सहभागिता एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है । | 1+2+2=<br>5 | |
| **30.** | **नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>**बदलते परिवेश में ज़रूरतों को पूरा करने के लिए किसी भी संगठन में सुधार और विकास करना लाज़मी है । संयुक्त राष्ट्रसंघ भी इसका कोई अपवाद नहीं है । हाल के वर्षों में, इस वैश्विक संस्था में सुधार की माँग करते हुए आवाजें उठी हैं । बहरहाल, सुधारों की प्रकृति के बारे में कोई स्पष्ट राय और सहमति नहीं बन पाई है । संयुक्त राष्ट्रसंघ के सामने दो तरह के बुनियादी सुधारों का मसला है । । लगभग सभी देश सहमत हैं कि दोनों ही ............. तरह के ये सुधार ज़रूरी हैं । देशों के बीच में सहमति इस बात पर नहीं है कि इसके लिए दरअसल ठीक करना क्या है, कैसे करना है और कब करना है।**<br>**(a) संयुक्त राष्ट्र में सुधार करने की आवश्यकता को जन्म देने वाले, शीत युद्ध के पश्चात् हुए किसी एक मुख्य परिवर्तन को उजागर कीजिए ।**<br>**(b) संयुक्त राष्ट्र में किन दो बुनियादी प्रकार के सुधारों की आवश्यकता है ?**<br>**(c) किसी एक बुनियादी सुधार को अमल में लाने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए ।** | | |
| **उत्तर** | (a) नव स्वतंत्र देशों और नई विश्व शक्तियों का उदय<br>(b) दो सुधार - | **1+2+** | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | • संगठनात्मक संरचना और प्रक्रियाओं में सुधार- विशेषतः सुरक्षा परिषद के संबंध में<br>• संगठन के क्षेत्र अधिकार से संबंधित सुधार<br>(c) सुरक्षा परिषद के संगठन और कार्य विधि को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जाए तथा स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए।<br>• मानवाधिकार और शांति निर्माण के उपायों पर संयुक्त राष्ट्र का क्षेत्राधिकार बढ़ाया जाए।<br>अथवा कोई अन्य प्रांसगिक सुझाव | **2=5** | |
| **31.** | **भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर) में पांच राज्यों को (A, B, C, D और E) के द्‌वारा अंकित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए:** | | |

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में संबन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iiii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

**(i)वह राज्य जहाँ डी .एम . के . पार्टी अस्तित्व में आई ।**

**(ii)वह राज्य जहाँ 1967 में नक्सलवादी आंदोलन का आरम्भ हुआ था ।**

**(ii) वह राज्य जिसका संबंध काँग्रेस के पूर्व अध्यक्ष , एस.निज्लिग्प्पा से था ।**




Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/


(iv) वह राज्य जहाँ से 'आया राम, गया राम' का जुमला प्रारंभ हुआ ।

(v)वह राज्य जिसमें काँग्रेस पार्टी को 1967 के विधानसभा चुनाव में बहुमत नहीं मिला, परंतु उसने दूसरों की सहायता से सरकार बनाई ।



उत्तर — 5x1=5

| क्रमांक | मानचित्र में प्रयुक्त अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| i | D | तमिलनाडु |
| ii | A | पश्चिम बंगाल |
| iii | E | कर्नाटक |
| iv | B | हरियाणा |
| v | C | राजस्थान |

31. नोट:

निम्नलिखित प्रश्न केवल दष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 31 के स्थान पर है ।

(31.1) डी .एम . के . पार्टी का पूरा नाम लिखिए ।

(31.2) 1967 में गुजरात विधानसभा चनाव में किस पार्टी को बहुमत मिला था ?

(31.3) एस निजलिंगप्पा का संबंध किस राज्य से था .?

(31.4) आया राम, गया राम' जमले का प्रारंभ किस राज्य से है ?

(31.5) उस राज्य का नाम लिखिए, जो पूर्व प्रधान मंत्री, चरण सिंह से संबंधित है।



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर** | दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए<br>31.1 द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम<br>31.2 कांग्रेस पार्टी<br>31.3 कर्नाटक<br>31.4 हरियाणा<br>31.5 उत्तर प्रदेश | 5x1=5 | |
| | **खण्ड ङ** | | |
| **32.** | **गुटनिरपेक्ष आंदोलन को जीवंत और प्रासंगिक बनाए (नैम) बनाए रखने में भारत द्वारा निभाई गई भूमिका का वर्णन कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**भारत और रूस के बीच मित्रता तथा सहयोग के किन्हीं तीन क्षेत्रों का वर्णन कीजिए जो इसे भारत की विदेश नीति का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष बनाते हैं ।** | | |
| **उत्तर** | भारत की भूमिका<br>(i) गुट निरपेक्षता के मंच से भारत ने उपनिवेशवाद और नवउपनिवेशवाद के विरुद्ध आवाज उठाई ।<br>(ii) भारत ने शीत युद्ध के तनाव को घटाने के प्रयास किए ।<br>(iii) भारत ने शीत युद्ध के विरोधियों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई ।<br>(iv) भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन के सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने में योगदान दिया ।<br>अथवा कोई अन्य बिंदु (कोई तीन )<br>**अथवा**<br>(i) हमारे संबंध ऐतिहासिक हैं ।<br>(ii) भारत और रूस के बीच संबंध आपसी विश्वास और सांझे हितों पर आधारित है।<br>(iii) भारत और रूस दोनों ही बहुध्रवीय विश्व की परिकल्पना रखते हैं ।<br>(iv) दोनों ही सामूहिक सुरक्षा में विश्वास रखते हैं ।<br>(v) दोनों ही वैश्विक समस्याओं का समाधान बातचीत के द्वारा चाहते हैं ।<br>(vi) भारत -रूस सामरिक संधि -2001- दोनों देशों द्वारा 80 द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। | 6<br><br>3x2= 6 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | (vii) रूस ने भारत के विभिन वैज्ञानिक परियोजनों में साथ और सहयोग दिया है ।<br>(कोई तीन) | | |
| 33. | **किन्हीं चार पर्यावरणीय चिंताओं की व्याख्या कीजिए वैश्विक राजनीति के मुद्दे बन गए है।**<br>**अथवा**<br>**किसी देश की संस्कृति पर वैश्वीकरण के किन्हीं चार प्रभावों की व्याख्या कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | चार पर्यावरणीय जो चिंताएं विश्व राजनीति के मुद्दे बनीं-<br>i. समूचे विश्व में कृषि योग्य भूमि का घटना तथा कृषि योग्य उपलब्ध भूमि की उर्वरा शक्ति का हास ।<br>ii. जल स्त्रोतों के अति उपभोग तथा प्रदूषण ने खाद्यान्नों के उत्पादन को सीमित कर दिया ।<br>iii. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की रिपोर्ट(2006) के अनुसार 1.2 बिलीयन लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है तथा 2•6 बिलियन लोगों को स्वच्छता उपलब्ध नहीं है जिसके कारण 30 लाख से भी अधिक बच्चों की मृत्यु हो जाती है ।<br>iv. प्राकृतिक जंगलों की कटाई से वन क्षेत्र का कम होना ।<br>v. ओजोन परत में छेद होने के कारण परिस्यितकी तथा मानव स्वास्थ्य को खतरा पैदा होना ।<br>vi. तटीय प्रदूषण का बढ़ना । (कोई चार)<br>**अथवा**<br>वैश्वीकरण के किसी देश की संस्कृति पर प्रभाव -<br>i. पूरे विश्व में पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित एक जैसी समरूप संस्कृति का प्रभाव ।<br>ii. विश्व की संस्कृति का मेक- डोनाल्डीकरण - अमरीकी संस्कृति के प्रभुत्व को दर्शाता है ।<br>iii. पूरे विश्व के देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सिमटना -विशेषत: गरीब देशों की संस्कृति का ।<br>iv. वैश्वीकरण से एक देश की संस्कृति दूसरे देश की संस्कृति से प्रभावित हो रही है | 4x 1 ½ =6<br><br><br><br><br><br><br>4x 1 ½ =6 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | जिसके परिणाम स्वरूप लोगों के लिए भोजन, परिधान ,संगीत आदि के अनेक विकल्प उपलब्ध हो रहे हैं ।उदाहरण स्वरूप मसाला डोसा, पश्चिम में भी खाया जा रहा है और ब्लू जींस पर खादी का कुर्ता फैशन में है ।<br>अथवा कोई अन्य बिंदु (कोई चार) | | |
| **34.** | **"आंदोलन और विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र को मजबूत करते हैं।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों द्वारा अपने उत्तर का समर्थन कीजिए ।**<br>**अथवा**<br>**"भारत के विभिन्न हिस्सों से क्षेत्रीय माँगें विविधता के साथ एकता के सिद्धांत को दर्शाती हैं ।" किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए ।** | | |
| **उत्तर** | परीक्षार्थी कथन के साथ सहमत अथवा सहमत हो सकता है ,परंतु उसे अपने उत्तर के पक्ष में तीन उदाहरण देने होंगे ।<br>उदाहरणतः यदि परीक्षार्थी कथन के पक्ष में है तो है निम्नलिखित उदाहरण दे सकता है, जैसे :<br>(i) असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध ऑल असम स्टूडेंट यूनियन द्वारा किया गया आंदोलन ,भारतीय लोकतंत्र ने इस आंदोलन को समायोजित करके उसकी अपेक्षाओं को संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत पूरा करने का प्रयास किया ।<br>(ii) नर्मदा बचाओ आंदोलन ने सरकार को स्थानीय लोगों और उनके प्राकृतिक संसाधनों के बीच संबंधों पर विचार करने को विवश किया ।नर्मदा बचाओ आंदोलन ने विस्थापित लोगों के पुनर्वास व मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को विवश किया।<br>(iii) भारतीय किसान यूनियन तथा किसानों के अन्य आंदोलनों ने सरकार को उनकी समस्याओं से अवगत कराया तथा उनके समाधान के लिए सरकार को तैयार किया ।<br>**अथवा** कोई अन्य आंदोलन भी उदाहरण स्वरूप जा सकता है दिया जा सकता है ।<br>यदि परीक्षार्थी इस कथन से सहमत न हो तो वह निम्न उदाहरण दे सकते हैं:<br>• कभी कभी आंदोलन और विरोध हिंसक हो जाते हैं तथा गैर सवैधिनिक माँगे रखकर लोकतंत्र को कमज़ोर करती है। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए भी गैर सवैधिनिक तरीके अपनाते है । | 3x2=6 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/


| | | | |
|---|---|---|---|
| | उदहारण के लिए :<br>• पँजाब में खालिस्तान के लिए आन्दोलन ।<br>• कश्मीर में अधिक स्वायत्तता और अलगावादी आंदोलन ।<br>• पश्चिम बंगाल से शुरू हुआ नक्सलवादी आंदोलन जोकि देश के अन्य भागों में फैला<br>परीक्षार्थी इन आन्दोलनों और विरोध प्रदर्शनों के परिणामों की व्याख्या कर सकते हैं ।<br>**अथवा**<br>भारत के विभिन्न क्षेत्रों से उठने वाली क्षेत्रीय मांगों ने भारत में विविधता में एकता के मार्ग को प्रशस्त किया है ।उदाहरण के लिए :<br>• भारत जैसे विशाल एवं विविधतापूर्ण देश में लोकतंत्र निरंतर क्षेत्रीय आकांक्षाओं के साथ सफलतापूर्वक निर्वाह कर रहा है ।<br>• संस्कृति और भाषा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन ने देश के विभिन्न भागों के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया है।<br>• सरकार ने क्षेत्रीय आंदोलनों को कानून और व्यवस्था की समस्या ना मानकर बातचीत के माध्यम से तनावों को कम किया है जिससे राष्ट्रीय एकता को बल मिला है ।जैसे (असम समझौता, राजीव लोंगोवाल समझौता, विभिन्न क्षेत्रों को विशेष दर्जा दिया जाना आदि)<br>• देश में आर्थिक विकास के आधार पर क्षेत्रीय असंतुलन को लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दृष्टि से दूर किया है ।<br>• विभिन्न जनजातियों को उनकी परंपरागत प्रथाओं एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु दी गई स्वायत्तता ने भी राष्ट्रीय एकता को पुष्ट किया है।<br>(अन्य कोई उपयुक्त उदाहरण) | 3x2=6 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अतियंत गोपनीय -केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतू

**सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा,मार्च-2020**

**अंक-योजना POLITICAL SCIENCE**

**SUBJECT CODE: 028 PAPER CODE : 59/2/1**

**सामान्य निर्देश :-**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अतः यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (**×**)। मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायीं ओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या **(×)** का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिषद पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

विशिष्ट निर्देश

1. अंकन योजना में दिए गए उत्तर सुझावात्मक उत्तर हैं इस प्रकार उत्तर सामग्री सांकेतिक है ।उम्मीदवार विभिन्न रूपों में उत्तर दे सकते हैं। लेकिन ,मूल्यांकन के मानकीकरण के लिए अपेक्षित सामग्री के आधार पर यहां सुझाई गई मार्किंग स्कीम का पालन करना उचित है ।हालांकि ,उम्मीदवार द्वारा किसी अन्य प्रासंगिक और सही परिभाषा / अंक / उत्तर दिए जाने पर पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए ।उन उत्तरों को अंक दिए जाने चाहिएं जिन्हें उम्मीदवार ने अपने शब्दों में लिखने का प्रयास किया है ।
2. जहां पर केवल उदाहरणों /कारकों /मूल्य बिंदुओं की एक निश्चित संख्या पूछी गई है ,वहां मूल्यांकन के लिए केवल उत्तर की आवश्यक संख्या पर विचार किया जाना चाहिए और बाकी का कोई अंक नहीं दिया जाना चाहिए।
3. मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अंकों के "मॉडरेशन" का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा वास्तव में प्राप्त किए गए अंक मूल्यांकनकर्ताओं के लिए कोई चिंता का विषय नहीं है ।
4. कुछ प्रश्न उच्चतर विचार क्षमता से संबंधित हैं ।इन प्रश्नों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।ताकि, उम्मीदवार की समझ /विश्लेषणात्मक क्षमता का विवेकपूर्ण ढंग से मूल्यांकन किया जा सके

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION

MARKING SCHEME – 2020

विषय – राजनीति विज्ञान (028)

59/2/1

| खंड - क | | | |
|---|---|---|---|
| प्र0 1. | **पहले खाड़ी युद्ध के समय इराक का राष्ट्रपति कौन था?**<br>**अथवा**<br>**दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी अर्थव्यवस्था का उदारीकरण करने वाला पहला देश कौन- सा था?** | | |
| उ0 | सद्दाम हुसैन<br>**अथवा**<br>श्रीलंका | 1 | P-34<br>P-73 |
| प्र0 2. | **रूस में समाजवादी क्रांति के बाद समाजवादी गणराज्य (यू. एस. एस. आर.) किस वर्ष में अस्तित्व में आया ?**<br>**A) 1914**<br>**B) 1917**<br>**C) 1939**<br>**D) 1991** | | |
| उ0 | B) 1917 | 1 | P-18 |
| प्र0 3. | **एस. ई. ए. टी. ओ. (सीटो) का पूर्ण रूप लिखिए ।** | | |
| उ0 | दक्षिण पूर्वी एशियाई संधि संगठन | 1 | P-6 |
| प्र0 4. | **निम्नलिखित घटनाओं में से सबसे अंत में कौन-सी घटना घटी ?**<br>**A) नाटो की स्थापना**<br>**B) प्रथम विश्व युद्ध**<br>**C) हिरोशिमा में परमाणु बम का गिराया जाना**<br>**D) प्रथम गुटनिरपेक्ष सम्मेलन** | | |
| उ0 | D) प्रथम गुटनिरपेक्ष सम्मेलन | 1 | P-10 |
| प्र0 5. | **यूरोपीय संघ की स्थापना के उद्देश्यों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *असत्य* है:**<br>**A) एक साझी विदेश नीति प्रदान करना**<br>**B) एकल मुद्रा का निर्माण**<br>**C) एक साझे बाजार की स्थापना**<br>**D) न्याय तथा आतंरिक मामलों से जुड़े मुद्दों पर सहयोग** | | |
| उ0 | C) एक साझे बाजार की स्थापना | 1 | P-52 |


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION

MARKING SCHEME – 2020

विषय – राजनीति विज्ञान (028)

59/2/1

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र0 6. | **स्वतंत्रता के पश्चात भारत द्वारा अपनाई गई संरक्षणवाद की नीति को कोई एक तर्क देकर न्यायोचित ठहराइए।** | | |
| उ0 | i) आयात पर रोक लगाना जिससे अपने देश के उत्पादक चीजों को बनाना सीख सकें ।<br>ii) स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना ।<br>अथवा कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>(कोई एक) | 1 | P-144 |
| प्र0 7. | **विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू. टी. ओ.) को विकासशील देशों के लिए अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए कोई एक कदम सुझाइए।** | | |
| उ0 | i) इसकी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता होनी चाहिए। ।<br>ii) यह बड़ी शक्तियों से प्रभावित नहीं होना चाहिए।<br>या किसी अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>(कोई एक) | 1 | P-93 |
| प्र0 8. | **निम्नलिखित कथन की सही अथवा गलत के रूप में पहचान कीजिए। किसी एक उदाहरण द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।**<br><br>**उत्तरी गोलार्द्ध के देश 'विश्व की सांझी संपदा' की सुरक्षा के लिए दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों से कहीं ज्यादा चिंतित हैं ।** | | |
| उ0 | • सही<br>• उत्तरी गोलार्द्ध विकसित है और विश्व की सांझी संपदा के समर्थन के लिए उनके पास बेहतर बुनियादी ढाँचा और तकनीक है। | 1 | P-121 |
| प्र0 9. | **भारत में देशी रियासतों को मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेता का पूरा नाम लिखिए ।** | | |
| उ0 | सरदार वल्लभ भाई पटेल | 1 | P-17 |
| प्र0 10. | **आपके विचार में, भारत में पहले तीन आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के लिए उत्तरदाई प्रमुख कारण कौन-सा था ?** | | |
| उ0 | i) इसे राष्ट्रीय आंदोलन की विरासत मिली थी।<br>ii) यह उस समय एकमात्र पार्टी थी जिसके पूरे भारत में संगठन थे।<br>iii) इसमें नेहरू का करिश्माई नेतृत्व था।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त कारण<br>(कोई एक कारण) | 1 | P-30 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION

MARKING SCHEME – 2020

विषय – राजनीति विज्ञान (028)

59/2/1

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र0 11. | **उस राजनीतिक दल की पहचान कीजिए जो एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र के विचार पर बल देता है ।**<br>A) **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस**<br>B) **भारतीय जनसंघ**<br>C) **स्वतंत्र पार्टी**<br>D) **d) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी** | | |
| उ0 | B) भारतीय जनसंघ | 1 | P-39 |
| प्र0 12. | **निम्नलिखित में से कौन इकोनॉमी ऑफ परफॉर्मेंस नामक पुस्तक का लेखक था ?**<br>**A) मौलाना अबुल कलाम आजाद**<br>**B) सी राजगोपालाचारी**<br>**C) आचार्य नरेंद्र देव**<br>**D) जे. सी. कुमारप्पा** | | |
| उ0 | D) जे. सी. कुमारप्पा | 1 | P-55 |
| प्र0 13. | **उपयुक्त राज्य के नाम द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**<br>**_________ राज्य में नियोजन और विकास के लिए जो रास्ता चुना गया उसे '__________ मॉडल' कहा जाता है ।** | | |
| उ0 | केरल, केरल | ½+½=1 | P-54 |
| प्र0 14. | **'प्रिवी पर्स' की अवधारणा स्पष्ट कीजिए ।** | | |
| उ0 | 'प्रिवी पर्स' रियासतों के शासकों और उनके परिवारों को दी जाने वाली वंशानुसार या सरकारी भत्ते के अनुदान का रूप था। | 1 | P-94 |
| प्र0 15. | **किसी राष्ट्र की विदेश नीति किस कारक से प्रभावित होती है ? सही उत्तर चुनिए ।**<br>**A) केवल सांस्कृतिक कारक**<br>**B) केवल आंतरिक कारक**<br>**C) आंतरिक और अंतर्राष्ट्रीय कारक**<br>**D) केवल आर्थिक कारक** | | |
| उ0 | B) आंतरिक और अंतर्राष्ट्रीय कारक | 1 | P-67 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION

MARKING SCHEME – 2020

विषय – राजनीति विज्ञान (028)

59/2/1

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र0 16. | **नीचे दिए गए कथन को सही करके अपनी उत्तर पुस्तिका में पुन: लिखिए। नेहरू के बाद, अटल बिहारी वाजपेयी, 1988 में दो देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन जाने वाले प्रथम प्रधानमंत्री बने।** | | |
| उ0 | नेहरू के बाद, **राजीव गाँधी**, 1988 में दो देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन जाने वाले प्रथम प्रधानमंत्री बने। | 1 | P-73 |
| प्र0 17. | **22 वें राज्य के रूप में सिक्किम के भारत के साथ विलय के समय, चोग्याल की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।** | | |
| उ0 | चोग्याल ने भारत के साथ सिक्किम के विलय को स्वीकार नहीं किया और उनके समर्थकों ने भारत सरकार पर गुंडागर्दी और बल प्रयोग का आरोप लगाया। | 1 | P-167 |
| प्र0 18. | **क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि "1975 में आपातकाल की घोषणा ने भारत में शक्तियों के संघीय वितरण को कमजोर कर दिया" ? किसी एक तर्क द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।** | | |
| उ0 | • हाँ, मैं इससे सहमत हूँ क्योंकि<br>i) आपातकाल के दौरान, शक्तियों का वितरण निलंबित कर दिया गया था। सभी शक्तियां केंद्र सरकार के हाथों में आ गईं।<br>ii) मौलिक अधिकार प्रतिबंधित थे।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त कारण<br>(कोई एक कारण) | 1 | P-109 |
| प्र0 19. | **ताड़ी विरोधी आंदोलन को पूरी तरह से एक महिला आंदोलन क्यों कहा गया है ?** | | |
| उ0 | (i) इस आंदोलन ने महिलाओं को घरेलू हिंसा के निजी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान किया।<br>(ii) यह आंदोलन महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मुद्दों पर केंद्रित था, जो परिवार के भीतर या बाहर था।<br>(iii) महिलाएं दहेज के खिलाफ अभियान में शामिल हुईं और उन्होंने व्यक्तिगत और संपत्ति संबंधी कानूनों की मांग की, जो समानता पर आधारित थे।<br>(iv) इन अभियानों ने सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में बहुत योगदान दिया और साथ ही सामाजिक सुधारों को खोलने के लिए कानूनी सुधारों से स्थानांतरित कर दिया।<br>(कोई एक) | 1 | P-138 |

Downloaded From : http://cbseportal.com/  Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION

MARKING SCHEME – 2020

विषय – राजनीति विज्ञान (028)

59/2/1

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र0 20. | **1985 के असम समझौते के परिणाम का आकलन कीजिए।** | | |
| उ0 | असम समझौते से शांति की स्थापना हुई और असम में राजनीति का चेहरा बदल गया। लेकिन इससे आप्रवास की समस्या हल नहीं हुई। | 1 | P-165 |
| | खंड - ख | | |
| प्र0 21. | **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए, भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किसी एक उपयुक्त तर्क द्वारा कीजिए।** | | |
| उ0 | i. भारत विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है ।<br>ii. भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तथा इसने संयुक्त राष्ट्र संघ की लगभग सभी **प्रयासों** में भाग लिया है।<br>iii. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा शांति स्थापित करने के प्रयासों में भारत लंबे समय से अहम भूमिका निभाता रहा है।<br>iv. भारत तेजी से अंतराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक–शक्ति बनकर उभर रहा है। अपनी उदारीकरण व वैश्वीकरण की नीतियों के कारण भी भारत सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का दावेदार है।<br>v. भारत संयुक्त राष्ट्रसंघ के बजट में नियमित रूप से अपना योगदान देता रहा है और यह कभी भी अपने भुगतान से नहीं चूका है।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त तर्क।<br>(कोई एक ) | 2 | P-93 |
| प्र0 22. | **भारत के एक-दल के प्रभुत्व और चीन के एक-दल के प्रभुत्व के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।** | | |
| उ0 | भारत के एक-दलीय प्रभुत्व और चीन के एक-दलीय प्रभुत्व के बीच अंतर -<br>i) संवैधानिक रूप से देश पर शासन करने के लिए चीन के पास केवल एक ही दल का प्रावधान है, जबकि भारत में बहुदलीय व्यवस्था है।<br>ii) चीन के चुनावों में संवैधानिक प्रावधानों के माध्यम से हेरफेर किया जाता है जिससे देश में केवल एक ही दल शासन कर सकता है । भारत में एक-दलीय प्रभुत्व नियमित आम चुनावों के माध्यम से लोकतांत्रिक रूप से स्थापित हुआ ।<br>(कोई एक) | 2 | P-35 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION

MARKING SCHEME – 2020

विषय – राजनीति विज्ञान (028)

59/2/1

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र0 23. | **1973 में भारत के मुख्य न्यायाधीश ए. एन. रे. की नियुक्ति विवादास्पद क्यों बन गई ?** | | |
| उ0 | 1973 में, न्यायमूर्ति ए.एन. रे को भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। यह नियुक्ति राजनीतिक रूप से विवादास्पद हो गई क्योंकि इस नियुक्ति में तीन न्यायाधीशों की वरिष्ठता को अनदेखा किया गया था। इन न्यायाधीशों ने सरकार के इस कदम के विरुद्ध फैसला दिया था । | 2 | P-108 |
| | खंड - ग | | |
| प्र0 24. | **1971 के बांग्लादेश युद्ध में भारत की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।** | | |
| उ0 | 1971 के बांग्लादेश युद्ध में भारत की भूमिका<br>• भारत को लगभग 80 लाख पूर्वी पाकिस्तानी शरणार्थियों का बोझ उठाना पड़ा। इन शरणार्थियों ने भारत के नजदीकी क्षेत्रों में शरण ली।<br>• भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक और भौतिक समर्थन दिया।<br>• भारत ने दस दिनों तक पूर्ण पैमाने पर युद्ध लड़ा और पूर्वी पाकिस्तान को एक स्वतंत्र देश, बांग्लादेश के रूप में मान्यता प्राप्त करने में मदद की।<br>(संपूर्ण रूप में आकलन कीजिए) | 4 | P-74,76 |
| प्र0 25. | **किन्हीं चार तर्कों द्वारा सिद्ध कीजिए कि सोवियत संघ प्रशासनिक और राजनीतिक अर्थों में स्थिर हो गया था ।**<br>**अथवा**<br>**यदि सोवियत संघ का विघटन नहीं हुआ होता, तो उस स्थिति का विश्व राजनीति पर क्या असर होता ?** | | |
| उ0 | i) कम्युनिस्ट पार्टी लोगों के प्रति जवाबदेह नहीं थी।<br>ii) आम जनता धीमे और कठोर प्रशासन से अलग-थलग हो गई थी।<br>iii) भ्रष्टाचार व्याप्त था।<br>iv) सोवियत प्रणाली खुलेपन की अनुमति देने के लिए तैयार नहीं थी।<br>v) आम नागरिकों की तुलना में नौकरशाहों ने अधिक विशेषाधिकार प्राप्त कर लिए थे ।<br>vi) अधिकारों का केंद्रीकरण।<br>(कोई चार) | 4x1=4 | P-21 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | **अथवा**<br>यदि सोवियत संघ का विघटन नहीं हुआ होता तो इससे निश्चित रूप से निम्नलिखित घटनाएं प्रभावित हुई होती ।<br>i) शीत युद्ध का अंत नहीं हुआ होता ।<br>ii) संयुक्त राष्ट्र विश्व की एकमात्र महाशक्ति के रूप में उभर कर सामने नहीं आता।<br>iii) अधिकांश देश जो पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा थे, वे कभी भी स्वतंत्रत नहीं हो पाते ।<br>iv) परमाणु हथियारों का संचय निरतंर रूप से जारी रहता ।<br>अथवा कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>(कोई चार बिंदु) | 4x1=4 | P-23 |
| प्र0 26. | **यह कहना कहां तक उचित है कि यदि दक्षिण एशिया के सभी देश अपनी सीमा रेखा के आरपार मुक्त व्यापार पर सहमत हो जाएं, तो इस क्षेत्र में शांति और सहयोग के एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है ?** | | |
| उ0 | • <u>कथन के पक्ष में तर्क</u><br>i) सार्क सदस्यों ने SAFTA समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसने अपने सदस्यों के लिए एक मुक्त व्यापार क्षेत्र के गठन का वादा किया।<br>ii) भारत को लगता है कि उससे सभी को वास्तविक आर्थिक लाभ होगा ।<br>iii) वह क्षेत्र जो अधिक स्वतंत्र रूप से व्यापार करता है, राजनीतिक मुद्दों पर बेहतर सहयोग करने में भी सक्षम होगा।<br>(कोई दो)<br>• <u>कथन के विपक्ष में तर्क</u><br>i) कुछ देशों को डर है कि यह उनके बाजारों पर अतिक्रमण करने का एक तरीका है।<br>ii) यह उनकी सामाजिक व्यवस्था और राजनीति को प्रभावित कर सकता है।<br>अथवा कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>(कोई दो) | 2+2=4 | P-78 |
| प्र0 27. | **मंडल आयोग का अध्यक्ष कौन था ? इस आयोग की किन्हीं तीन मुख्य सिफारिशों का उल्लेख कीजिए ।** | | |


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



<table>
<tr><td>उ0</td><td>• मंडल आयोग के अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल थे।<br>• इसकी मुख्य सिफारिशें :<br>i) आयोग ने सलाह दी कि पिछड़े वर्ग को पिछड़ी जाति के अर्थ में स्वीकार किया जाना चाहिए क्योंकि अनुसूचित जाति के अलावा कई अन्य जातियों को भी जाति व्यवस्था में निम्न माना जाता था।<br>ii) इन समुदायों के लिए शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में 27% सीटों के आरक्षण की सिफारिश की गई ।<br>iii) इसने अन्य पिछड़े वर्ग की स्थिति में सुधार के लिए भूमि सुधारों की सिफारिश भी की।<br>iv) इस प्रकार मंडल आयोग ने आर्थिक और व्यावसायिक संरचनाओं से सम्बंधित सिफारिशें भी कीं।<br>(कोई तीन)</td><td>1+3=4</td><td>P-181, 182</td></tr>
<tr><td colspan="4">खंड - घ</td></tr>
<tr><td>प्र0 28.</td><td>नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br>फैसला हुआ कि अब तक जिस भू-भाग को ‘इंडिया’ के नाम से जाना जाता था उसे ‘भारत’ और ‘पाकिस्तान’ नाम के दो देशों के बीच बांट दिया जाएगा । यह विभाजन दर्दनाक तो था ही, इस पर फैसला करना और अमल में लाना और भी कठिन था। तय किया गया कि धार्मिक बहुसंख्या को विभाजन का आधार बनाया जाएगा । इसके मायने यह थे कि जिन इलाकों में मुसलमान बहुसंख्यक थे वह इलाके पाकिस्तान के भू-भाग होंगे और शेष हिस्से भारत कहलाएंगे। यह बात थोड़ी आसान जान पड़ती है, लेकिन असल में इसमें कई किस्म की दिक्कतें थीं ।<br><br>A) 1947 में भारत का विभाजन इतना अधिक दर्दनाक क्यों सिद्ध हुआ ?<br>B) विभाजन की राह में उत्पन्न हुई किन्हीं दो मुख्य कठिनाइयों का विश्लेषण कीजिए ।<br>C) यदि भारत का विभाजन न हुआ होता तो विश्व में भारत की क्या स्थिति होती ?</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>उ0</td><td>A) i) यह जनसंख्या का सबसे बड़ा, सबसे अचानक, अनियोजित और दुखद हस्तांतरण था ।<br>ii) सीमा के दोनों ओर हत्याएं और अत्याचार हुए ।</td><td></td><td>P-8</td></tr>
</table>

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अतः यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (**×**)। मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायीं ओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या **(×)** का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिषद पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

विशिष्ट निर्देश

1. अंकन योजना में दिए गए उत्तर सुझावात्मक उत्तर हैं इस प्रकार उत्तर सामग्री सांकेतिक है ।उम्मीदवार विभिन्न रूपों में उत्तर दे सकते हैं। लेकिन ,मूल्यांकन के मानकीकरण के लिए अपेक्षित सामग्री के आधार पर यहां सुझाई गई मार्किंग स्कीम का पालन करना उचित है ।हालांकि ,उम्मीदवार द्वारा किसी अन्य प्रासंगिक और सही परिभाषा / अंक / उत्तर दिए जाने पर पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए ।उन उत्तरों को अंक दिए जाने चाहिएं जिन्हें उम्मीदवार ने अपने शब्दों में लिखने का प्रयास किया है ।
2. जहां पर केवल उदाहरणों /कारकों /मूल्य बिंदुओं की एक निश्चित संख्या पूछी गई है ,वहां मूल्यांकन के लिए केवल उत्तर की आवश्यक संख्या पर विचार किया जाना चाहिए और बाकी का कोई अंक नहीं दिया जाना चाहिए।
3. मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अंकों के "मॉडरेशन" का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा वास्तव में प्राप्त किए गए अंक मूल्यांकनकर्ताओं के लिए कोई चिंता का विषय नहीं है ।
4. कुछ प्रश्न उच्चतर विचार क्षमता से संबंधित हैं ।इन प्रश्नों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।ताकि, उम्मीदवार की समझ /विश्लेषणात्मक क्षमता का विवेकपूर्ण ढंग से मूल्यांकन किया जा सके।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

**ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION-2020**

**विषय : राजनीति विज्ञान (028) 59/5/1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | खण्ड-क | | |
| **1.** | **निम्नलिखित वाक्य को अर्थपूर्ण बनाने के लिए पूरा कीजिए**<br><br>**द्वितीय विश्व युद्ध तब समाप्त हुआ जब अमरीका ने जापान के ________और _______ नामक शहरों पर दो परमाणु बम गिराए ।**<br><br>**अथवा**<br><br>**1917 की रूसी क्रांति पूँजीवादी व्यवस्था के विरुद्ध _______ आदर्शों और _______ समाज की जरूरत से प्रेरित थी।** | | |
| **उत्तर** | हिरोशिमा और नागासाकी<br><br>अथवा<br><br>समाजवादी समतामूलक समाज | ½ + ½ =1<br><br>2 X ½ =1 | |
| **2.** | **1991 में सोवियत संघ में हुए तख्ता पलट का विरोध करने के लिए राष्ट्रीय नायक के रूप में उभर कर आने वाला व्यक्ति कौन था ?** | | |
| **उत्तर** | बोरिस येलतसिन | 1 | |
| **3.** | **निम्नलिखित में से कौन सा सोवियत संघ के विघटन का परिणाम नहीं था ?**<br><br>**(a) कई नये देशों का उदय हुआ।**<br><br>**(b) रूस एक नई महाशक्ति के रूप में उभरा ।**<br><br>**(c) विश्व राजनीति में शक्ति संबंधों में बदलाव आया ।**<br><br>**(d) पूँजीवादी व्यवस्था की जीत हुई।** | | |
| **उत्तर** | (b) रूस एक नई महाशक्ति के रूप में उभरा । | 1 | |
| **4.** | **ऐसे दो क्षेत्रों की पहचान कीजिए जिनमें सोवियत संघ, पश्चिमी देशों की तुलना में पीछे था।** | | |
| **उत्तर** | (i) प्रौद्योगिकी<br>(ii) आधारभूत ढांचा<br>(iii) लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना<br>(iv) पश्चिम के नए विचारों और सूचनाओं को अपनाने में कमी ।<br><br>या<br><br>अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु (कोई दो ) | ½ + ½ =1 | |

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | **दिए हुए वाक्य को अर्थपूर्ण बनाने के लिए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**<br>**इंटरनेट वैश्विक________ _________ का एक उदाहरण है।** | | |
| **उत्तर** | सार्वजनिक ,वस्तुओं | ½ + ½ =1 | |
| 6. | **आसियान के किन्हीं दो संस्थापक सदस्य देशों के नाम लिखिए ।** | | |
| **उत्तर** | मलेशिया, सिंगापुर ,फिलीपींस, इंडोनेशिया और थाईलैंड<br>(कोई दो ) | 2X ½ =1 | |
| 7. | **आपके विचार में, निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प भारत के लिए बेहतर है और क्यों ?**<br>**सबसे ताकतवर देश के विरुद्ध अथवा उसके साथ काम करना ।** | | |
| **उत्तर** | (i) भारत को सबसे ताकतवर देश के साथ दूरी बनाकर रखनी चाहिए तथा अपनी राष्ट्रीय हितों को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए ।<br>(ii) भारत को सबसे ताकतवर देश के साथ मिलकर काम करना चाहिए जिससे वह वर्चस्वशाली देश से मिलने वाली फायदों का लाभ उठा सके।<br>**नोट : विद्यार्थी उपर्युक्त दोनों में से किसी एक के पक्ष में उचित तर्क दे सकता है ।** | 1 | |
| 8. | **संयुक्त राष्ट्र के मुख्य उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | • संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य युद्ध को रोकना<br>• शांति को बनाए रखना।<br>• राज्यों में सहयोग स्थापित करना<br>( कोई एक ) | 1 | |
| 9. | **निम्नलिखित कथन को ठीक करके अपनी उत्तरपुस्तिका में - :दोबारा लिखिए**<br>**"भारत ने 2002 में क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए और इसका अनुमोदन किया तथा इसे क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं को मानने को विवश किया गया क्योंकि भारत में ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन अधिक नहीं था।"** | | |


Downloaded From :http://cbseportal.com/    Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION-2020**
**विषय : राजनीति विज्ञान (028) 59/5/1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तर | भारत ने 2002…. क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से मुक्त रखा गया / को मानने को विवश नहीं किया गया । | 1 | |
| **10.** | **वैश्वीकरण की प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले सही विकल्प को चुनिए ।**<br>**(a) युद्ध का खतरा**<br>**(b) सुरक्षा को खतरे**<br>**(c) प्रौद्योगिकी का विकास**<br>**(d) संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियाँ** | | |
| उत्तर | (c) प्रौद्योगिकी का विकास | 1 | |
| **11.** | **1951 में गठित भारतीय जनसंघ के किन्ही दो महत्त्वपूर्ण नेताओं के नाम लिखिए।** | | |
| उत्तर | (i) श्यामा प्रसाद मुखर्जी<br>(ii) दीन दयाल उपाध्याय<br>(iii) बलराज मधोक<br>(iv) अटल बिहारी वाजपेयी<br>(v) लालकृष्ण आडवाणी<br>(कोई दो ) | 2 x ½ =1 | |
| **12.** | **निम्नलिखित नेताओं में से किसने देसी रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ?**<br>**(a) जवाहरलाल नेहरू**<br>**(b) सरदार वल्लभभाई पटेल**<br>**(c) सी. राजगोपालाचारी**<br>**(d) बी .आर. आंबेडकर** | | |
| उत्तर | (b) सरदार वल्लभभाई पटेल | 1 | |
| **13.** | **द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार-, सरकार ने किस प्रकार देसी उद्योगों को संरक्षण देने की कोशिश की?** | | |


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर** | (i) सरकार ने आयात पर भारी शुल्क लगाया ।<br>(ii) देसी उद्योगों को संरक्षण देने के लिए 'संरक्षणवाद' की नीति को अपनाया गया।<br>(iii) आयात के विकल्प<br>( कोई एक) | 1 | |
| **14.** | **भारत) चीन युद्ध-(1962) से संबंधित, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?**<br>**(a) चीन नियंत्रण रेखा को पार नहीं कर सका।**<br>**(b) संघर्ष के दौरान सोवियत संघ तटस्थ बना रहा ।**<br>**(c) सोवियत संघ ने भारत के विरुद्ध चीन की सहायता की।**<br>**(d) चीन ने अपनी सेनाओं को पहले वाली स्थिति में वापिस नहीं बुलाया ।** | | |
| **उत्तर** | (b) संघर्ष के दौरान सोवियत संघ तटस्थ बना रहा । | 1 | |
| **15.** | **भारत ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने से (टी.पी.एन) इन्कार क्यों किया था?** | | |
| **उत्तर** | क्योंकि भारत ने इस संधि को भेदभाव पूर्ण माना। | 1 | |
| **16.** | **1967 के दससूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत उठाए गए कदमों द्वारा - इंदिरा गांधी किस मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करना चाहती थीं ?** | | |
| **उत्तर** | (i) वह सरकार की नीतियों को वामपंथी रंग देना चाहती थी।<br>(ii) वह स्वयं को गरीबों और वंचितों के रक्षक के रूप में सिद्ध करना चाहती थी ।<br>(iii) उन्होंने धीरे-धीरे सिंडीकेट को हाशिए पर लाकर अपने सलाहकारों और विश्वस्तों के समूह का निर्माण किया।<br>(iv) कांग्रेस की खोई हुई शक्ति को 1967 के चुनावों में पुनः हासिल करना।<br>( कोई एक) | 1 | |
| **17.** | **मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार के गिर जाने के मूल कारण का विश्लेषण कीजिए ।** | | |

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर** | (i) जनता पार्टी के पास दिशा, नेतृत्व अथवा एक साझे कार्यक्रम का अभाव था ।<br>(ii) जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस द्वारा अपनाई गई नीतियों में कोई बुनियादी बदलाव नहीं ला सकी ।<br>(iii) जनता पार्टी के भीतर सत्ता की खींचतान और आपसी कलह बनी रहती थी। ( कोई एक) | 1 | |
| **18.** | **मई 1977 में, जनता पार्टी की सरकार ने न्यायाधीश जे. सी. शाह की अध्यक्षता में एक जाँच आयोग का गठन क्यों किया ?** | | |
| **उत्तर** | (i) इंदिरा गांधी की सरकार के द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के विभिन्न आरोपों की जांच के लिए।<br>(ii) ज्यादितियों और कदाचार के विभिन्न आरोपों के विविध पहलुओं की जांच के लिए ।<br>(iii) आपातकाल के दौरान सरकार के द्वारा की गई कार्यवाहियों की जांच के लिए । (कोई एक) | 1 | |
| **19.** | **असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध आंदोलन करने के किसी एक कारण को स्पष्ट कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | (i) मूल असमी लोगों को अल्पसंख्यक हो जाने का डर था।<br>(ii) उन्हें नौकरी जाने तथा गरीबी का डर था।<br>(iii) यह आंदोलन आप्रवासी तथा बंगाली और अन्य लोगों के सांस्कृतिक दबदबे के विरुद्ध था।<br>(iv)लाखों आप्रवासियों के नाम दर्ज कर लेने के कारण गलत बनाए गए मतदाता रजिस्टर के खिलाफ था ।<br>(कोई एक) | 1 | |
| **20.** | **बहुजन समाज के सशक्तीकरण का प्रतिपादक और बहुजन समाज पार्टी का संस्थापक किसे समझा जाता है ?** | | |
| **उत्तर** | कांशीराम | 1 | |
| | खण्डख- | | |
| **21.** | **वारसा पैक्ट के किन्हीं चार सदस्यों के नाम लिखिए।** | | |
| **उत्तर** | (i) पोलैंड | 4X ½ = 2 | |


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ii) बुल्गारिया<br>(iii) रोमानिया<br>(iv) हंगरी<br>(v) पूर्वी जर्मनी<br>(vi) चेकोस्लोवाकिया<br>(viii) सोवियत संघ<br>(कोई चार) | | |
| 22. | **शरणार्थियों और आप्रवासियों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | **शरणार्थी :**वे लोग जो अपने देश को युद्ध ,प्राकृतिक आपदा या राजनीतिक उत्पीड़न की स्थिति में छोड़कर जाते हैं और किसी दूसरे देश में शरण लेते हैं ।<br>**अप्रवासी:** वे लोग जो आजीविका के लिए स्वैच्छिक रूप से अपने देश को छोड़कर दूसरे देश में बस जाते हैं । | 1+1= 2 | |
| 23. | **स्तंभ 'A' में दिए गए तथ्यों का स्तंभ 'B' में दिए गए तथ्यों से सही मिलान कीजिए :** | | |

| स्तंभ 'A' | स्तंभ 'B' |
|---|---|
| **(a) किसी गैर-कांग्रेसी पार्टी का प्रथम प्रधानमंत्री** | **(i) जॉर्ज फर्नांडिस** |
| **(b) 1975 में जनता के 'संसद मार्च' का नेतृत्त्व करने वाला नेता** | **ii) मोरारजी देसाई** |
| **(c) राष्ट्रपति पद के लिए वह उम्मीदवार जिसने कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार को 1969 में हराया।** | **(iii) जयप्रकाश नारायण** |
| **d) 1974 की रेलवे हड़ताल से जुड़ा नेता** | **(iv) वी.वी. गिरि** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर** | a- ii मोरार जी देसाई<br>b- iii जयप्रकाश नारायण<br>c- iv वी.वी. गिरी | 4X ½ =2 | |


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | d- i जॉर्ज फर्नांडिस | | |
| | **खण्ड-ग** | | |
| **24.** | **"यूरोपीय संघ एक अति प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन है ।" किन्हीं चार उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन को न्यायोचित ठहराइए।** | | |
| **उत्तर** | (i) यूरोपियन संघ की अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है ।<br>(ii) इसकी मुद्रा यूरो अमरीकी डॉलर के लिए खतरा हो सकती है।<br>(iii) विश्व व्यापार में इसकी हिस्सेदारी अमेरिका से 3 गुना अधिक है ।<br>(iv) इसके दो सदस्य संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य हैं।<br>(v) यह विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संगठनों में एक महत्वपूर्ण संगठन के रूप में कार्य करता है ।<br>(vi) यूरोपीय यूनियन सैन्य शक्ति के हिसाब से दुनिया में दूसरे नंबर पर है।<br>(vii) यूरोपीय यूनियन के दो देश -ब्रिटेन और फ्रांस नाभिकीय शक्ति से संपन्न देश हैं ।<br>(viii)चीन के साथ मानवाधिकारों के उल्लंघन और पर्यावरण विनाश के मामले पर धमकी या सैनिक शक्ति का उपयोग करने की जगह कूटनीति, आर्थिक निवेश और बातचीत की इसकी नीति ज्यादा प्रभावी साबित हुई है ।<br>(ix)अंतरिक्ष विज्ञान और संचार प्रौद्योगिकी के मामले में भी यूरोपीय संघ का दूसरा स्थान है ।<br>(कोई चार) | **4 x 1 = 4** | |
| **25.** | **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | कम्युनिस्ट पार्टी की विशेषताएं :-<br>(i) इसने हिंसक विद्रोह को बढ़ावा दिया ।<br>(ii) यह रूस की बोल्शेविक क्रांति से प्रेरित थी।<br>(iii) यह देश की समस्याओं के समाधान के लिए साम्यवाद की राह अपनाने की तरफदारी कर रहे थे ।<br>(iv) आजादी के बाद में ,साम्यवादी पार्टी ने हिंसक क्रांति का रास्ता छोड़ | 4x 1=4 | |

Downloaded From : http://cbseportal.com/  Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | दिया और आने वाले आम चुनावों में भाग लेने का फैसला किया।<br>अथवा कोई और वैकल्पिक उत्तर (कोई चार) | | |
| 26. | **पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध के बाद, भारत में राष्ट्रीय उत्साह और प्रसन्नता के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**भारत से संबंधित किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से यह स्पष्ट कीजिए कि विदेश नीति हमेशा राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है।** | | |
| **उत्तर** | पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध के बाद-<br>(i) भारत एक विजेता के रूप में उभरा और पाकिस्तानी सेना को भारत की सेना के समक्ष आत्मसमर्पण करना पड़ा।<br>(ii) भारत का सैन्य - पराक्रम प्रबल हुआ।<br>(iii) पाकिस्तान का विभाजन हुआ और पूर्वी पाकिस्तान एक नये देश बांग्लादेश के रूप में उभर कर आया।<br>(कोई दो बिंदु व्याख्या सहित)<br>अथवा<br>(i) जब सोवियत संघ ने हंगरी पर आक्रमण किया तब भारत ने सोवियत संघ के इस कदम की सार्वजनिक निंदा नहीं करी।<br>(ii) पंचशील समझौते के कारण भारत पर चीनी कब्जे का विरोध नहीं किया।<br>(iii) कठिन संघर्ष के प्राप्त संप्रभुता को बचाए रखना ,क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना और तेज रफ्तार से आर्थिक विकास करना।<br>(iv)शीत युद्ध के दौर में गुट-निरपेक्षता की नीति को बढ़ावा देना।<br>(v)1956 में जब ब्रिटेन ने स्वेज नहर के मामले को लेकर मिश्र पर आक्रमण किया तब भारत ने इस नव -औपनिवेशिक हमले के विरुद्ध विश्वव्यापी विरोध की अगुवाई की।<br>(कोई दो ) | 2 x 2 = 4<br><br>2x2 = 4 | |
| 27. | **गठबंधन की सरकारों के भारतीय राजनीति पर हुए प्रभाव का आकलन कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | भारत की राजनीति पर गठबंधन की सरकारों का प्रभाव- | | |

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | (i) विभिन्न राजनीतिक दलों ने विचारधारा के बजाय राजनीतिक गठजोड़ पर जोर दिया।<br>(ii) अधिकतर क्षेत्रीय दलों को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिला ।<br>(iii) राजनीतिक अस्थिरता का दौर बढ़ा।<br>(iv) दलित और पिछड़ी जातियों के राजनीतिक संगठनों का उभार हुआ ।<br>(v) कांग्रेस दल के वर्चस्व में कमी आई।<br>( या अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु ) (कोई चार) | 4x 1 =4 | |
| | **खण्ड-घ** | | |
| **28.** | **नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**<br><br>**(a)चीन जैसे विशाल देश में साइकिलों का क्या महत्त्व है ?**<br>**(b) साइकिल के दोनों पहियों में दिखाए गए चिन्हों द्वारा दिए जा रहे संदेश को उजागर कीजिए।**<br>**(c) किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से दर्शाइए कि चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को दूसरे देशों के लिए कैसे खोला ?** | | |
| **उत्तर** | (a) चीन विश्व में साइकिल का सबसे ज्यादा प्रयोग करने वाला / साइकिल बनाने वाला देश है ।<br>(b)साइकिल के दोनों पहियों में दिखाए गए चिन्ह वर्तमान में चीन की अर्थव्यवस्था के दोहरेपन को उजागर करते हैं।<br>कम्युनिस्ट दल वाली मजबूत राज्य नियंत्रित व्यवस्था द्वारा निजीकरण और पूंजीवाद को अपनाया गया।<br>(c) (i) चीन ने 1982 में कृषि का निजीकरण किया।<br>(ii) उद्योगों का 1998 में निजीकरण किया।<br>(iii) व्यापार पर प्रतिबंध हटा लिए गए ।<br>(iv) विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज) का चीन में निर्माण किया गया ।<br>(v)विश्व में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ डी आई) का चीन मुख्य | **1+2+ 2 =5** | |

Downloaded From :http://cbseportal.com/

Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | केंद्र बन गया ।<br>(vi) चीन 2001 में विश्व व्यापार संगठन में शामिल हुआ।<br>(vii) इसके पर विदेशी विनिमय राजस्व का बड़ा भाग है जिससे यह दूसरे देशों में बड़ा निवेश कर सकता है ।<br>(या अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु) (कोई दो) | | |
| 28. | **नोट निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए : प्रश्न संख्या28 के स्थान पर है :**<br>**(28.1) अपनी अर्थव्यवस्था के पहले मॉडल के अंतर्गत, चीन ने विदेशी मुद्रा की कमी को पूरा करने के लिए क्या उपाय किया ?**<br>**(28.2) चीन द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था को अन्य देशों के लिए खोलने के कोई दो कारण उजागर कीजिए ।**<br>**(28.3) अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए चीन द्वारा किए गए कोई दो सुधार उजागर कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए -<br>(28.1) विदेशी मुद्रा की कमी को पूरा करने के लिए चीन ने आयातित सामानों को धीरे-धीरे घरेलू स्तर पर ही तैयार करवाना शुरू किया।<br>(28.2)(i)अर्थव्यवस्था की अवरुद्धता से छुटकारा पाना ।<br>(ii)विश्व बाजार से लाभ प्राप्त करना ।<br>(iii) आर्थिक विकास के लिए । (कोई दो )<br>(28.3)(i) 1982 में खेती का निजीकरण किया गया ।<br>(ii) सेज में व्यापार अवरोधों को समाप्त किया गया ।<br>(iii) खुले द्वार की नीति आर्थिक विकास को अपनाया ।<br>(iv) 1972 में अमेरीका के साथ संबंध बनाकर 'आर्थिक एकांतवास' को समाप्त किया गया ।<br>(v) कृषि ,उद्योग ,सेना और विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आधुनिकीकरण के चार प्रस्ताव रखे।<br>(vi) उद्योगों का निजीकरण किया गया।<br>(vii) प्रत्यक्ष विदेश निवेश को बढ़ावा दिया गया । | **1 + 2 + 2 =5** | |


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | (viii) चीन 2001 में विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बना ।<br>(कोई दो) | | |
| 29. | **नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>**संयुक्त राष्ट्रसंघ में थोड़ी कमियाँ हैं लेकिन इसके बिना दुनिया और बदहाल होगी। आज विभिन्न समाजों और मसलों के बीच आपसी तार जुड़ते जा रहे हैं । इसे 'पारस्परिक निर्भरता' का नाम दिया जाता है । इसे देखते हुए यह कल्पना करना कठिन है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे संगठन के बिना विश्व के सात अरब से भी ज्यादा लोग कैसे रहेंगे । प्रौद्योगिकी यह सिद्ध कर रही है कि आने वाले दिनों में विश्व में पारस्परिक निर्भरता बढ़ती जाएगी । इसलिए, संयुक्त राष्ट्रसंघ का महत्त्व भी निरंतर बढ़ेगा । लोगों को और सरकारों को संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा दूसरे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के समर्थन और उपयोग के तरीके तलाशने होंगे - ऐसे तरीके जो उनके हितों और विश्व बिरादरी के हितों से व्यापक धरातल पर मेल खाते हों।**<br>**(i) संयुक्त राष्ट्र की ऐसी दो कमियों की पहचान कीजिए जिनके कारण इसे अपूर्ण कहा जाता है।**<br>**(ii) यदि संयुक्त राष्ट्र न हो तो दुनिया और अधिक बदहाल कैसे हो जाएगी ? स्पष्ट कीजिए।**<br>**(iii) विश्व में पारस्परिक निर्भरता का कोई एक उदाहरण दीजिए।** | | |
| **उत्तर** | (i) (a)इसकी कोई अपनी सेना नहीं है।<br>(b) आर्थिक रूप से यह अपने सदस्य देशों पर निर्भर है ।<br>(c) इसमें सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों का वर्चस्व है ।<br>(d) यह स्वतंत्र रूप से किसी भी देश के विरुद्ध कोई निर्णय नहीं ले सकता है ।<br>या अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु (कोई दो )<br>(ii) संयुक्त राष्ट्र के बिना दुनिया बदहाल हो जाएगी क्योंकि -<br>(a) अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र अमरीका और अन्य देशों के | **2+2+1=5** | |

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | साथ संवाद और चर्चा करता है।<br>(b) संयुक्त राष्ट्रीय युद्ध और शांति के मामलों में मदद करता है।<br>(c) यह संगठन नियमों और नौकरशाही की एक रूपरेखा दे सकता है ताकि सदस्यों को यह विश्वास हो कि आने वाली लागत में सबकी समुचित भागीदारी होगी ,लाभ का बंटवारा न्यायोचित होगा।<br>(d) संयुक्त राष्ट्रीय विभिन्न सदस्य देशों के बीच उत्पन्न होने वाले चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करने में मदद करता है ।<br>(कोई दो)<br>(iii) प्रौद्योगिकी के कारण विश्व की भविष्य में पारस्परिक निर्भरता बढ़ जाएगी।<br>या अन्य कोई प्रासंगिक मुद्दा ,पर्यावरणीय मुद्दे ,महामारियां<br>(कोई एक) | | |
| 30. | **दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>**आपातकाल का विरोध जनता पार्टी को कुछ ही दिनों के लिए एकजुट रख सका । इस पार्टी के आलोचकों ने कहा कि जनता पार्टी के पास किसी दिशा, नेतृत्व अथवा एक साझे कार्यक्रम का अभाव था । जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस द्वारा अपनाई गई नीतियों में कोई बुनियादी बदलाव नहीं ला सकी। जनता पार्टी बिखर गई और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार ने 18 माह में ही अपना बहुमत खो दिया । कांग्रेस पार्टी के समर्थन पर दूसरी सरकार चरण सिंह के नेतृत्व में बनी।**<br>**(i) जनता पार्टी सरकार किस वर्ष में सत्ता में आई ?**<br>**(ii) जनता पार्टी में बिखराव के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए।**<br>**(iii) चरण सिंह सरकार मात्र चार महीने के लिए ही क्यों सत्ता में रह सकी ?** | | |
| **उत्तर** | (i)1977<br>(ii) (a)जनता दल में दिशा ,नेतृत्व व साझे कार्यक्रम की कमी थी ।<br>(b) इसकी नीतियाँ कांग्रेस की नीतियों से बुनियादी रूप से भिन्न नहीं | | |

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



थी।


(c) जनता दल के अंदर भी शक्ति के लिए संघर्ष था।

(कोई दो)

(iii) क्योंकि कांग्रेस दल ने अपना समर्थन वापस ले लिया था और चरण सिंह सरकार गिर गई थी ।

1+2+2=5

**31.**




**भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में पाँच राज्यों को A, B, C, D और E) द्वारा दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए।**

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

**(i) वह राज्य, जिससे काट कर हरियाणा बनाया गया ।**

**(ii) वह राज्य जो 1963 में गठित किया गया था।**



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



<table>
<tr><td></td><td>(iii) वह राज्य जिससे काट कर झारखंड बनाया गया ।<br>(iv) वह राज्य जिसे मद्रास से (अब तमिलनाडु), तेलुगु भाषी क्षेत्रों को अलग करके, बनाया गया था।<br>(v) वह राज्य जहाँ 1957 में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी।</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>उत्तर</td><td><table>
<tr><td>प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या</td><td>संबंधित अक्षर</td><td>राज्य का नाम</td></tr>
<tr><td>(i)</td><td>E</td><td>पंजाब</td></tr>
<tr><td>(ii)</td><td>A</td><td>नागालैंड</td></tr>
<tr><td>(iii)</td><td>C</td><td>बिहार</td></tr>
<tr><td>(iv)</td><td>D</td><td>आंध्र प्रदेश</td></tr>
<tr><td>(v)</td><td>B</td><td>केरल</td></tr>
</table></td><td>5x1 =5</td><td></td></tr>
<tr><td>31.</td><td>नोट निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए : प्रश्न संख्या31 के स्थान पर हैं (मानचित्र प्रश्न):<br>(31.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कांग्रेस पार्टी 1967 के विधानसभा चुनावों में बहुमत प्राप्त नहीं-कर पाई।<br>(31.2) दिसम्बर 1952 में कौन सा राज्य गठित किया गया था ?<br>(31.3) झारखंड को किस राज्य से काट कर बनाया गया ?<br>(31.4) उस राज्य का नाम लिखिए जो पहले आंध्र प्रदेश का एक भाग था।<br>(31.5) लाल डेंगा भारत के कौन से राज्य का नेता रहा है ?</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>उत्तर</td><td>दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए :-<br>31.1 केरल<br>31.2 आंध्र प्रदेश<br>31.3 बिहार<br>31.4 तेलंगाना<br>31 5 मिजोरम</td><td>5x1 =5</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>खण्ड-ङ</td><td></td><td></td></tr>
</table>

Downloaded From :http://cbseportal.com/  Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| 32. | **महाशक्तियों को गुट बनाने की आवश्यकता क्यों थी ? कोई चार कारण स्पष्ट कीजिए ।**<br><br>**अथवा**<br><br>**सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों की व्याख्या कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | (i) महत्वपूर्ण संसाधनों जैसे तेल और खनिज की प्राप्ति के लिए।<br>(ii) भू- क्षेत्र ताकि यहां से महाशक्तियां अपने हथियारों और सेना का संचालन कर सके।<br>(iii) सैनिक ठिकाने जहां से महाशक्तियां एक-दूसरे की जासूसी कर सके ।<br>(iv) आर्थिक मदद जिसमें गठबंधन में शामिल बहुत से छोटे-छोटे देश सैन्य खर्च वहन करने में मददगार हो सकते थे।<br>(v) विचारधारा के कारण भी यह देश महत्वपूर्ण थे- गुटों में शामिल देशों की निष्ठा से यह संकेत मिलता था कि महाशक्तियां विचारों का पारस्परिक युद्ध भी जीत रही है ।गुट में शामिल हो रहे देशों के आधार पर वे सोच सकती थी कि उदारवादी लोकतंत्र और पूंजीवाद, समाजवाद और साम्यवाद से कहीं बेहतर है अथवा समाजवाद ,उदारवाद से अधिक बेहतर<br>( अन्य कोई उपयुक्त बिंदु) (कोई चार व्याख्या सहित)<br>अथवा<br>(i) सोवियत संघ ने अपने संसाधनों का अधिकांश परमाणु हथियार और सैन्य साजो-सामान पर लगाया ।<br>(ii) सोवियत संघ की राजनीतिक- आर्थिक संस्थाएं अंदरूनी कमजोरी के कारण लोगों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकी।<br>(iii) कई सालों तक अर्थव्यवस्था गतिरुद रही ।<br>(iv) कम्युनिस्ट पार्टी जनता के प्रति जवाबदेही नहीं थी।<br>(v) भारी भ्रष्टाचार और शासन में ज्यादा खुलापन लाने में सोवियत संघ की अनिच्छा ।<br>(vi) गोबारचेव के सुधारों के कारण लोगों की आकांक्षाओं का उभार हुआ तथा व्यवस्था में ढील आ गई।<br>(vii) विभिन्न गणराज्यों में राष्ट्रीयता और संप्रभुता के भावों का अभार । | **4 x 1 ½ =6**<br><br>**4 x 1 ½ =6** | |

Downloaded From :http://cbseportal.com/

Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | (अन्य कोई उपयुक्त बिंदु ) (कोई चार) | | |
| **33.** | **वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर भारत के पक्ष का वर्णन कीजिए।**<br><br>**अथवा**<br><br>**वैश्वीकरण के किन्हीं छः परिणामों का वर्णन कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | **<u>भारत का पर्यावरणीय मुद्दों पर पक्ष :-</u>**<br>- भारत ने 2002 में क्योटो प्रोटोकॉल(1997)पर हस्ताक्षर किए और इसका अनुमोदन किया।<br>- भारत ने ध्यान दिलाया कि विकासशील देशों में ग्रीनहाउस गैसों के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन दर विकसित देशों की तुलना में नाममात्र है।<br>- भारत के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों के रिसाव की ऐतिहासिक और मौजूदा जवाबदेही ज्यादातर विकसित देशों की है ।इसमें जोर देकर कहा गया है कि "विकासशील देशों की पहली और अपरिहार्य प्राथमिकता आर्थिक तथा सामाजिक विकास की है।<br>- भारत का यह भी मानना है कि 'दक्षेस' में शामिल देश पर्यावरण के प्रमुख वैश्विक मसलों पर एक समान राय बनाएं।<br>- विकसित देश ,विकासशील देशों को प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में मदद करें।<br>- भारत पर्यावरण से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मसलों में ज्यादातर ऐतिहासिक उत्तरदायित्व का तर्क रखता है ।<br>- भारत की सरकार विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए पर्यावरण से संबंधित वैश्विक प्रयासों में शिरकत कर रही है जैसे- नेशनल ऑटो फ्यूल पॉलिसी के अंतर्गत वाहनों के लिए स्वच्छतर ईंधन अनिवार्य कर दिया गया है ।<br>- 2001 में ऊर्जा -संरक्षण अधिनियम पारित हुआ ।<br>- 2003 के बिजली अधिनियम में पुनर्निर्माण ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया ।<br>- भारत प्राकृतिक गैस का आयात कर रहा है तथा स्वच्छ कोयले के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ।<br>- भारत बायोडीजल से संबंधित एक राष्ट्रीय मिशन चलाने के लिए भी तत्पर है । | **6** | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | - नवीकरण होने वाली ऊर्जा के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक भारत में चल रहा है ।<br>(कोई दो )<br>अथवा<br>**<u>वैश्वीकरण के परिणाम:-</u>**<br>(i) पूरी दुनिया में कल्याणकारी राज्य की धारणा अब पुरानी पड़ गई है और इसकी जगह न्यूनतम हस्तक्षेपकारी राज्यों ने ले ली है ।<br>(ii) इसने राज्यों की संप्रभुता को प्रभावित किया है ।<br>(iii) इसने उपभोक्ताओं की पसंद के दायरे को बढ़ाया है ।<br>(iv) इससे वस्तुओं में गुणात्मक परिवर्तन आया है।<br>(v) इसने विभिन्न विकासशील देशों और अल्पविकसित देशों की आर्थिक वृद्धि में मदद की है।<br>(vi) समरूप संस्कृति का विकास हो रहा है।<br>(vii) विभिन्न देशों के मूलवासी संस्कृति के लिए चुनौतियों व खतरे उत्पन्न हो रहे हैं ।<br>(viii) खान-पान की आदतें ,कपड़ों की पसंद, संगीत ,फिल्में आदि सभी में परिवर्तन आ रहा है।<br>( अन्य कोई बिंदु ) (कोई छ) | 6X1 =6 | |
| 34. | **क्या आप सहमत हैं कि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में जन आंदोलन एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं ? किन्हीं तीन उपयुक्त तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**1979 से 1985 तक चला असम आंदोलन बाहरी लोगों के खिलाफ़ चले आंदोलनों का सबसे अच्छा उदाहरण है । इस कथन के समर्थन में उपयुक्त तर्क दीजिए।** | | |
| **उत्तर** | (i) जन आंदोलन, सरकार को लोगों की समस्याएं ,आकांक्षाएं तथा मांगों के बारे में जानने में मदद करते हैं ।<br>(ii) जन आंदोलन द्वारा मांगों की अभिव्यक्ति और सरकार की लोकतांत्रिक आलोचना क्रांति और हिंसा की घटनाओं को कम करती है। | 3x 2 = 6 | |


Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | (iii) सामूहिक कार्य और सकारात्मक कार्यवाहियाँ सामाजिक एकता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।<br>(iv) जन आंदोलन लोगों की नेतृत्व क्षमता को सशक्त करते हैं ।<br>(v) जन आंदोलन समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विभिन्न मुद्दों पर आपसी सहमति को बढ़ाते हैं ।<br>(या अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु) (कोई तीन)<br>**नोट: यदि विद्यार्थी दिए गए कथन से सहमत नहीं है तो उसे अपने उत्तर के समर्थन में कोई तीन तर्क देने होंगे ।**<br>अथवा<br>- इस आंदोलन का सबसे अच्छा उदाहरण कहा जा सकता है क्योंकि इस आंदोलन की मुख्य मांग यह रही है कि सभी बाहरी लोगों को वापस भेजा जाए जो 1951 के बाद असम में आए हैं ।<br>- इस आंदोलन ने नए तरीकों को आजमाया और असमी जनता के हर तबके का समर्थन हासिल किया।<br>- 6 साल की सतत अस्थिरता के बाद राजीव गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 'आसू ' के नेताओं के साथ 1985 में बातचीत शुरू की ।<br>-1985 में असम समझौते पर हस्ताक्षर हुए ।<br>-इसके बाद 'आसू' और असम गण संग्राम परिषद के साथ मिलकर अपने को एक क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी के रूप में संगठित किया और असम गण परिषद 1985 में इस वायदे के साथ सत्ता में आई थी कि विदेशी लोगों की समस्या को सुलझा लिया जाएगा और एक 'स्वर्णिम असम ' का निर्माण किया जाएगा। | **6** | |

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अतियंत गोपनीय -केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतू

**सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा,मार्च-2020**

**अंक-योजना POLITICAL SCIENCE**

**SUBJECT CODE: 028 PAPER CODE : 59/5/2**

**सामान्य निर्देश :-**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अतः यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (**×**)। मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायीं ओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या **(×)** का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिषद पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

विशिष्ट निर्देश

1. अंकन योजना में दिए गए उत्तर सुझावात्मक उत्तर हैं इस प्रकार उत्तर सामग्री सांकेतिक है ।उम्मीदवार विभिन्न रूपों में उत्तर दे सकते हैं। लेकिन ,मूल्यांकन के मानकीकरण के लिए अपेक्षित सामग्री के आधार पर यहां सुझाई गई मार्किंग स्कीम का पालन करना उचित है ।हालांकि ,उम्मीदवार द्वारा किसी अन्य प्रासंगिक और सही परिभाषा / अंक / उत्तर दिए जाने पर पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए ।उन उत्तरों को अंक दिए जाने चाहिएं जिन्हें उम्मीदवार ने अपने शब्दों में लिखने का प्रयास किया है ।
2. जहां पर केवल उदाहरणों /कारकों /मूल्य बिंदुओं की एक निश्चित संख्या पूछी गई है ,वहां मूल्यांकन के लिए केवल उत्तर की आवश्यक संख्या पर विचार किया जाना चाहिए और बाकी का कोई अंक नहीं दिया जाना चाहिए।
3. मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अंकों के "मॉडरेशन" का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा वास्तव में प्राप्त किए गए अंक मूल्यांकनकर्ताओं के लिए कोई चिंता का विषय नहीं है ।
4. कुछ प्रश्न उच्चतर विचार क्षमता से संबंधित हैं ।इन प्रश्नों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।ताकि, उम्मीदवार की समझ /विश्लेषणात्मक क्षमता का विवेकपूर्ण ढंग से मूल्यांकन किया जा सके।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**ALL INDIA SENIOR SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION-2020**
**विषय : राजनीति विज्ञान (028) 59/5/2**

| | खण्ड-क | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | **दिए हुए वाक्य को अर्थपूर्ण बनाने के लिए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**<br>**इंटरनेट वैश्विक ________ का एक उदाहरण है।** | | |
| **उत्तर** | सार्वजनिक ,वस्तुओं | ½+½ =1 | |
| **2.** | **पूर्व सोवियत संघ के किन दो गणराज्यों में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले ?** | | |
| **उत्तर** | पूर्व सोवियत गणतंत्र जहां पृथकतावादी आंदोलन हुए -<br>(i)चंचन्या, (ii) दागिसतान, (iii) अजरलाईजान, (iv) जॉर्जिया, (v) यूक्रेन,<br>(vi) किर्गिस्तान (कोई दो) | ½ + ½ =1 | |
| **3.** | **ऐसे दो क्षेत्रों की पहचान कीजिए जिनमें सोवियत संघ, पश्चिमी देशों की तुलना में पीछे था।** | | |
| **उत्तर** | (i) प्रौद्योगिकी<br>(ii) आधारभूत ढांचा<br>(iii) लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना<br>(iv) पश्चिम के नए विचारों और सूचनाओं को अपनाने में कमी ।<br>या<br>अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु (कोई दो ) | ½ + ½ =1 | |
| **4.** | **निम्नलिखित में से कौन सा सोवियत संघ के विघटन का परिणाम नहीं था ?**<br>**(a) कई नये देशों का उदय हुआ।**<br>**(b) रूस एक नई महाशक्ति के रूप में उभरा।'**<br>**(c) विश्व राजनीति में शक्ति संबंधों में बदलाव आया ।**<br>**(d) पूँजीवादी व्यवस्था की जीत हुई ।** | | |
| **उत्तर** | (b) रूस एक नई महाशक्ति के रूप में उभरा । | 1 | |
| **5.** | **निम्नलिखित वाक्य को अर्थपूर्ण बनाने के लिए पूरा कीजिए :**<br>**द्वितीय विश्व युद्ध तब समाप्त हुआ जब अमरीका ने जापान के ______ और _________ नामक शहरों पर दो परमाणु बम गिराए ।** | | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | **अथवा**<br>**1917 की रूसी क्रांति पूँजीवादी व्यवस्था के विरुद्ध _______आदर्शों और _______समाज की जरूरत से प्रेरित थी। -** | | |
| **उत्तर** | हिरोशिमा और नागासाकी<br>अथवा<br>समाजवादी समतामूलक समाज | ½ + ½ =1<br>2x ½ =1 | |
| **6.** | **आसियान के झंडे में दर्शाया गया वृत्त किस बात का प्रतीक है ?** | | |
| **उत्तर** | आसियान के झंडे में दर्शाया गया वृत आसियान की एकता का प्रतीक है। | 1 | |
| **7.** | **वैश्वीकरण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सही विकल्प को चुनिए ।**<br>**(a) युद्ध का खतरा**<br>**(b) सुरक्षा को खतरे**<br>**(c) प्रौद्योगिकी का विकास**<br>**d)संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियाँ** | | |
| **उत्तर** | (c) प्रौद्योगिकी का विकास | 1 | |
| **8.** | **निम्नलिखित कथन को ठीक करके अपनी उत्तर: पुस्तिका में दोबारा लिखिए-**<br>**“भारत ने 2002 में क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए और इसका अनुमोदन किया तथा इसे क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं को मानने को विवश किया गया क्योंकि भारत में ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन अधिक नहीं था।"** | | |
| **उत्तर** | भारत ने 2002…. क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से मुक्त रखा गया / को मानने को विवश नहीं किया गया । | 1 | |
| **9.** | **संयुक्त राष्ट्र के मुख्य उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | • संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य युद्ध को रोकना<br>• शांति को बनाए रखना।<br>• राज्यों में सहयोग स्थापित करना<br>( कोई एक ) | 1 | |
| **10.** | **आपके विचार में, निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प भारत के लिए बेहतर** | | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | **है और क्यों ? सबसे ताकतवर देश के विरुद्ध अथवा उसके साथ काम करना ।** | | |
| उत्तर | (i) भारत को सबसे ताकतवर देश के साथ दूरी बनाकर रखनी चाहिए तथा अपनी राष्ट्रीय हितों को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए ।<br>(ii) भारत को सबसे ताकतवर देश के साथ मिलकर काम करना चाहिए जिससे वह वर्चस्वशाली देश से मिलने वाली फायदों का लाभ उठा सके।<br>**नोट : विद्यार्थी उपर्युक्त दोनों में से किसी एक के पक्ष में उचित तर्क दे सकता है ।** | 1 | |
| 11. | **भारत चीन युद्ध -(1962 ) से संबंधित, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?**<br>**(a) चीन नियंत्रण रेखा को पार नहीं कर सका ।**<br>**(b)संघर्ष के दौरान सोवियत संघ तटस्थ बना रहा।**<br>**(c) सोवियत संघ ने भारत के विरुद्ध चीन की सहायता की ।**<br>**(d) चीन ने अपनी सेनाओं को पहले वाली स्थिति में वापिस नहीं बुलाया ।** | | |
| उत्तर | (b) संघर्ष के दौरान सोवियत संघ तटस्थ बना रहा । | 2 x ½ =1 | |
| 12. | **द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दिशा -निर्देशों के अनुसार , सरकार ने किस प्रकार देसी उद्योगों को संरक्षण देने की कोशिश की?** | | |
| उत्तर | (i) सरकार ने आयात पर भारी शुल्क लगाया ।<br>(ii) देसी उद्योगों को संरक्षण देने के लिए 'संरक्षणवाद' की नीति को अपनाया गया।<br>(iii) आयात के विकल्प<br>( कोई एक) | 1 | |
| 13. | **निम्नलिखित नेताओं में से किसने देसी रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ?**<br>**(a) जवाहरलाल नेहरू**<br>**(b) सरदार वल्लभभाई पटेल**<br>**(c) सी. राजगोपालाचारी** | | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | **(d) बी .आर. आंबेडकर** | | |
| **उत्तर** | (b) सरदार वल्लभभाई पटेल | 1 | |
| **14.** | **1951 में गठित भारतीय जनसंघ के किन्हीं दो महत्वपूर्ण नेताओं के नाम लिखिए।** | | |
| **उत्तर** | (i) श्यामा प्रसाद मुखर्जी<br>(ii) दीन दयाल उपाध्याय<br>(iii) बलराज मधोक<br>(iv) अटल बिहारी वाजपेयी<br>(v) लालकृष्ण आडवाणी<br>(कोई दो) | 2 x ½ =1 | |
| **15.** | **मई 1974, में भारत द्वारा प्रथम परमाणु विस्फोट करने के कारण को उजागर कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | भारत परमाणु ऊर्जा का प्रयोग शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए करना चाहता था। | 1 | |
| **16.** | **बहुजन समाज के सशक्तीकरण का प्रतिपादक और बहुजन समाज पार्टी का संस्थापक किसे समझा जाता है ?** | | |
| **उत्तर** | कांशीराम | 1 | |
| **17.** | **असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध आंदोलन करने के किसी एक कारण को स्पष्ट कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | (i) मूल असमी लोगों को अल्पसंख्यक हो जाने का डर था।<br>(ii) उन्हें नौकरी जाने तथा गरीबी का डर था।<br>(iii) यह आंदोलन आप्रवासी तथा बंगाली और अन्य लोगों के सांस्कृतिक दबदबे के विरुद्ध था।<br>(iv)लाखों आप्रवासियों के नाम दर्ज कर लेने के कारण गलत बनाए गए मतदाता रजिस्टर के खिलाफ था ।<br>(कोई एक) | 1 | |
| **18.** | **मई 1977 में, जनता पार्टी की सरकार ने न्यायाधीश जे. सी. शाह की अध्यक्षता में एक जाँच आयोग का गठन क्यों किया ?** | | |
| **उत्तर** | (i) इंदिरा गांधी की सरकार के द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के विभिन्न आरोपों की जांच के लिए। | 1 | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ii) ज्यादितियों और कदाचार के विभिन्न आरोपों के विविध पहलुओं की जांच के लिए । (iii) आपातकाल के दौरान सरकार के द्वारा की गई कार्यवाहियों की जांच के लिए । (कोई एक) | | |
| **19.** | **मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार के गिर जाने के मूल कारण का विश्लेषण कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | (i) जनता पार्टी के पास दिशा, नेतृत्व अथवा एक साझे कार्यक्रम का अभाव था । (ii) जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस द्वारा अपनाई गई नीतियों में कोई बुनियादी बदलाव नहीं ला सकी । (iii) जनता पार्टी के भीतर सत्ता की खींचतान और आपसी कलह बनी रहती थी। ( कोई एक) | 1 | |
| **20.** | **1967 के दससूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत उठाए गए कदमों द्वारा इंदिरा गांधी - किस मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करना चाहती थीं?** | | |
| **उत्तर** | (i) वह सरकार की नीतियों को वामपंथी रंग देना चाहती थी। (ii) वह स्वयं को गरीबों और वंचितों के रक्षक के रूप में सिद्ध करना चाहती थी । (iii) उन्होंने धीरे-धीरे सिंडीकेट को हाशिए पर लाकर अपने सलाहकारों और विश्वस्तों के समूह का निर्माण किया। (iv) कांग्रेस की खोई हुई शक्ति को 1967 के चुनावों में पुनः हासिल करना। ( कोई एक) | 1 | |
| | **खण्ड-ख** | | |
| **21.** | **स्तंभ 'A' में दिए गए तथ्यों का स्तंभ 'B' में दिए गए तथ्यों से सही मिलान कीजिए :** | | |

| **स्तंभ 'A'** | **स्तंभ 'B'** |
|---|---|
| **(i) नक्सलवादी आंदोलन का एक नेता** | **(a) फखरूद्दीन अली अहमद** |
| **ii) 1974 में बिहार में छात्र आंदोलन का नेतृत्त्व करने वाला नेता** | **(b)जगमोहन लाल सिन्हा** |
| **(iii) 12 जून, 1975 में, इंदिरा गांधी के विरुद्ध निर्णय देने वाले इलाहाबाद** | **(c) जयप्रकाश नारायण** |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | उच्च न्यायालय के न्यायाधीश \| <br>(iv) 1975 में आपातकाल लागू करने की घोषणा करने वाले राष्ट्रपति \| (d) चारू मजमूदार | | |
| उत्तर | (i) (d)<br>(ii) (c)<br>(iii) (b)<br>(iv) (a) | 4 x ½ = 2 | |
| 22. | **वैश्विक सुरक्षा की धारणा को जन्म देने वाले प्रमुख कारण को उजागर कीजिए।** | | |
| उत्तर | वैश्विक सुरक्षा के विचार के उभरने के कारण<br>वैश्विक सुरक्षा का विचार वैश्विक प्रकृति के खतरों जैसे ग्लोबल वॉर्मिंग, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, एड्स और बर्ड फ्लू जैसी महामारियों एवं स्वास्थ्य के खतरों के प्रत्युत्तर में उभरा ।वैश्विक समस्याओं को अंतरराष्ट्रीय सहयोग से हल किया जा सकता है । | 2 | |
| 23. | **गुट निरपेक्ष आंदोलन के किन्हीं चार संस्थापक नेताओ के नाम लिखिए।** | | |
| उत्तर | i. जवाहरलाल नेहरू<br>ii. सुकार्नो<br>iii. गमाल अब्दुल नासिर<br>iv. वामे एनक्रूमा<br>v. जोसेफ ब्राज टीटो<br>(कोई चार) | 4 x ½ =2 | |
| | **खण्ड-ग** | | |
| 24. | **“यूरोपीय संघ एक अति प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन है।"**<br>**किन्हीं चार उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन को न्यायोचित ठहराइए।** | | |
| उत्तर | (i) यूरोपियन संघ की अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है ।<br>(ii) इसकी मुद्रा यूरो अमरीकी डॉलर के लिए खतरा हो सकती है।<br>(iii) विश्व व्यापार में इसकी हिस्सेदारी अमेरिका से 3 गुना अधिक है ।<br>(iv) इसके दो सदस्य संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य हैं। | 4x 1 =4 | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | (v) यह विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संगठनों में एक महत्वपूर्ण संगठन के रूप में कार्य करता है ।<br>(vi) यूरोपीय यूनियन सैन्य शक्ति के हिसाब से दुनिया में दूसरे नंबर पर है।<br>(vii) यूरोपीय यूनियन के दो देश -ब्रिटेन और फ्रांस नाभिकीय शक्ति से संपन्न देश हैं ।<br>(viii)चीन के साथ मानवाधिकारों के उल्लंघन और पर्यावरण विनाश के मामले पर धमकी या सैनिक शक्ति का उपयोग करने की जगह कूटनीति, आर्थिक निवेश और बातचीत की इसकी नीति ज्यादा प्रभावी साबित हुई है ।<br>(ix)अंतरिक्ष विज्ञान और संचार प्रौद्योगिकी के मामले में भी यूरोपीय संघ का दूसरा स्थान है ।<br>(कोई चार) | | |
| 25. | **भारतीय जनसंघ की विचारधारा की कोई चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | भारतीय जनसंघ की विचारधारा<br>i. इसने एक देश, एक संस्कृति, एक राष्ट्र के सिद्धांत पर बल दिया ।<br>ii. इसका विश्वास था कि भारत अपनी संस्कृति और परंपराओं के आधार पर आधुनिक, प्रगतिशील और सशक्त देश बन सकता है ।<br>iii. इसने भारत और पाकिस्तान को मिलाकर अखंड भारत के लिए आह्वान किया।<br>iv. पार्टी अंग्रेजी के स्थान पर हिंदी को राजभाषा बनाने की पक्षधर थी ।<br>v. पार्टी सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों को रियायतें देने के विरुद्ध थी ।<br>vi. पार्टी परमाणु हथियारों के निर्माण की वकालत करती थीं।<br>vii. पार्टी अमेरीका से अच्छे संबंध चाहती थी ।<br>(कोई चार) | 4x 1=4 | |
| 26. | **भारत की परमाणु नीति की कोई चार विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**1999 में हुई कारगिल की लड़ाई के कारण तथा परिणामों की व्याख्या कीजिए।** | | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर** | भारत की परमाणु नीति<br>i. परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए प्रयोग करने की वचबद्धता ।<br>ii. भारत ने परमाणु अप्रसार संधि और व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि वह इन्हें भेदभाव पूर्ण मानता - है।<br>iii. भारत 'परमाणु शक्ति' को पहले प्रयोग न करने की नीति के प्रति प्रतिबद्ध है ।<br>iv. भारत ने मई 1998 में कई परमाणु परीक्षण किए तथा यह प्रदर्शित किया कि वह सैनिक उद्देश्यों के लिए इनका प्रयोग कर सकता है ।<br>v. भारत परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति वचनबद्ध रहा और विश्व को परमाणु हथियारों से मुक्त करना चाहता था ।<br>अथवा अन्य कोई बिंदु (कोई चार)<br>अथवा<br>1992 के कारगिल संघर्ष के कारण -<br>• पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा को पार करके कई भारतीय चौकियों पर कब्जा कर लिया था।<br>• कारगिल संघर्ष का परिणाम -<br>i. भारत ने अपनी सभी चौकियों पर पुनः कब्जा कर लिया ।<br>ii. इसने पूरे विश्व का ध्यान आकृष्ठ किया क्योंकि दोनों देशों के पास परमाणु हथियार थे ।<br>iii. पाकिस्तान में यह संघर्ष एक प्रमुख विवाद बन गया। | 2+2=4<br><br>2+2=4 | |
| **27.** | **भारत में अन्य पिछड़ी जातियों के राजनीतिक उदय के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए।** | | |
| **उत्तर** | अन्य पिछड़ी जातियों के राजनीतिक उदय के परिणाम -<br>i. कांग्रेस को अन्य पिछड़ी जातियों का समर्थन मिलना बंद हो गया तथा गैर कांग्रेसी पार्टियों को समर्थन मिलना शुरू हुआ।<br>ii. गैर कांग्रेसी पार्टियों का ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य पिछड़ी जातियों के समर्थन से जनाधार बढ़ा ।<br>iii. कई नई पार्टियों का अन्य पिछड़ी जातियों के संगठन के रूप में उदय | 4 | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/



| | | | |
|---|---|---|---|
| | हुआ जैसे भारतीय बहुजन समाज पार्टी ।<br>iv. सभी राजनीतिक पार्टियों में अन्य पिछड़ी जातियों को आरक्षण को जारी रखने पर सहमति बनी।<br>v. कुछ राज्यों में अन्य पिछड़ी जातियों द्वारा समर्थित दलों के सहयोग से सत्ता प्राप्त हुई जैसे उत्तर प्रदेश में-<br>vi. मंडल कमीशन ने अन्य पिछड़ी जातियों की स्थिति सुधारने के लिए कई सिफारिशें की। राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार ने मंडल कमीशन को लागू किया जिससे पूरे देश में हिंसा भड़की और हिंसक आंदोलन हुए<br>(कोई चार) | | |
